# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-11-2022

# संतकबीर नगर जिला ने हासिल किया प्रथम स्थान

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर जोन की 65वीं अंतर जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता-2022 का रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में समापन हुआ। समापन अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सममनित किया गया।

**गोरखपुर जोन की 65वीं अंतर जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता का समापन**

बीते 4 नवम्बर को डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र जे रविंद्र गौड ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन किया था। प्रतियोगिता में 10 जनपदों के कुल 30 अधिकारी/कर्मचारीगणों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जनपद संतकबीर नगर द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया, तो वहीं जनपद गोरखपुर द्वितीय स्थान पर रहा। समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात/लाइन डा. महेंद्र पाल सिंह व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मानुष पारिक ने विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ के विभिन्न अधिकारीगण व विधि विज्ञान प्रयोगशाला गोरखपुर के अधिकारीगण एवं लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में गोरखपुर जोन की 65वीं अंतरजनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते एसपी ट्रैफिक डा. महेन्द्रपाल सिंह।

# पुलिस पिकेट के पास मारपीट, चार अरेस्ट

**GORAKHPUR (6 Nov):** जंगल डुमरी नंबर दो के खपड़हवा चौराहे पर स्थित पुलिस पिकेट के समीप रविवार की शाम को मनबढ़ों ने एक युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा. मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल हो रहा है. सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने चार आरोपितों को हिरासत में ले लिया है. घायल को सीएचसी भेजा गया है. इंस्पेक्टर ने बताया कि टिकरिया निवासी बुद्धि राम जंगल डुमरी नंबर दो के सकलदीपपुर में अपनी ससुराल गया था. शाम को खपड़हवा चौराहे पर पकौड़ी खा रहा था. इसी दौरान कोइरीपुर निवासी अजय कनौजया की बाइक का पहिया उसके पैर पर चढ़ गया. इसे लेकर दोनों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई.

# जन कल्याण के कार्यों में न हो कोताही : सीएम योगी

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



जनता दर्शन में बच्चे को दुलार करते सीएम.

### जनता दर्शन में करीब ढाई घंटे फरियादियों के बीच रहे सीएम
### 800 लोगों की सुनीं समस्याएं
### त्वरित और सन्तुष्टिपरक निस्तारण का दिया भरोसा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 Nov):** जिन जरूरतमंदों के राशन कार्ड नहीं हैं, उनके कार्ड बनवाओ. इलाज के लिए किसी को भटकना न पड़े. सरकारी अस्पतालों में निशुल्क जांच, इलाज व दवाओं की व्यवस्था है. यदि कोई गंभीर बीमारी से पीड़ित है तो उसके उच्च स्तरीय इलाज में सरकारी आर्थिक सहायता के लिए एस्टीमेट की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाए, सरकार जन कल्याण के संकल्प की बुनियाद पर खड़ी है, इसलिए जन कल्याण के कार्यों में कोताही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए. जन समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए. ये निर्देश सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की फरियाद सुनने के बाद अधिकारियों को दिए.

## ढाई घंटे तक सुनी फरियाद

मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में सीएम ने करीब ढाई घंटे फरियादियों के बीच बिताए. कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे. बड़े इत्मीनान से उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा. जनता दर्शन में सीएम ने करीब एक हजार लोगों की फरियाद सुनी.

## जमीन कब्जा करने वालों को सबक सिखाएं अफसर

अल्पसंख्यक समुदाय की एक महिला ने सीएम योगी से अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देकर रोजगार दिलाने की गुहार की. साथ ही बताया कि उसके पास राशन कार्ड भी नहीं है. सीएम ने उसे आश्वस्त किया कि राशन कार्ड भी बनेगा और काम की व्यवस्था भी कराई जाएगी. इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित भी किया. एक अन्य अल्पसंख्यक महिला ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की फरियाद की. सीएम ने उसे भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में इलाज नही रुकने पाएगा. अस्पताल का एस्टीमेट मिलते ही धन उपलब्ध करा दिया जाएगा.

## जनता दर्शन में ही नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिले सीएम

रविवार को करीब सौ से अधिक पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी सीएम से मिलने पहुंचे थे. सीएम सभी से जनता दर्शन के दौरान ही मिले. इस दौरान एडीजी अखिल कुमार, कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीआईजी जे रवींद्र गौड़, डीएम कृष्ण करुणेश, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर आदि मौजूद रहे.

## गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन कर गोशाला में की गोसेवा

इससे पहले सुबह मठ से बाहर आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया. इसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया. मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंच, वहां गोसेवा की. योगी को अपने बीच पाकर गोवंश खुद उनके पास चले आए. योगी ने गायों को गुड़ एवं चना खिलाया.

## कब्जे की भी शिकायत

कुछ फरियादियों ने जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने या मकान निर्माण में बाधा डालने की शिकायत की. इस पर सीएम योगी के तेवर सख्त हो गए. उन्होंने पुलिस अफसरों को हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए. कोई अपनी भूमि पर निर्माण करा रहा हो तो बेवजह बाधा डालने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए. सीएम ने हर फरियादी को यह भरोसा दिया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है. उनकी सभी समस्याओं का निस्तारण करना सरकार की प्राथमिकता है. जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारते हुए सीएम ने उन्हें चॉकलेट दिया. उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा. एक बच्चे ने स्कूल न जाने की बात कही. इस पर सीएम ने उसकी माता को समझाते हुए कहा कि बेहतर भविष्य के लिए बच्चे को स्कूल अवश्य भेजिए. सरकार ने मुफ्त शिक्षा के साथ बैग, कॉपी-किताब, यूनिफॉर्म, जूता-मोजा सबकी व्यवस्था कर रखी है.

**अवेयरनेस** पीटीएस गोरखपुर में ट्रेनिंग ले रहे 279 ट्रेनी को पढ़ाया गया यातायात का पाठ

# एसपी ट्रैफिक की क्लास, जवानों ने पढ़ा मैपल एप का पाठ

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

**जवानों को पब्लिक से अच्छा व्यवहार कर दोस्त की तरह पेश आने की दी शिक्षा**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 Nov):** गोरखपुर रविवार को एसपी ट्रैफिक डॉ.. एमपी सिंह की क्लास चली. यातायात माह के अंतर्गत पीटीएस गोरखपुर में ट्रेनिंग ले रहे 279 ट्रेनी को एसपी ट्रैफिक ने नियमों से परिचित कराया. इस दौरान सभी ट्रेनी को मैपल एप के महत्व के बारे में बताया गया. साथ ही सभी 279 ट्रेनी को को यातायात नियमों के प्रति अवेयर करते हुए मैपल एप (mappls app) को डाउनलोड कराकर उसकी नेविगेशन के लिए उपयोगिता बताई गई.



मैपल एप की जानकारी देते एसपी ट्रैफिक.



## दोस्तों की तरह पेश आए पुलिस

एसपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह द्वारा सभी ट्रेनी से सड़क सुरक्षा में यातायात नियमों का पालन करते हुए आमजन के सामने एक आदर्श पुलिस जन यानी की दोस्त की तरह पेश आने की अपील की गई. सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगा वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने हेतु निर्देशित किया गया. साथ ही सभी ट्रेनी को ये भी बताया गया कि अपने परिवार वालों व रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए अवेयर करें

## यहां मददगार साबित होगा एप

- पब्लिक यातायात और सुरक्षा संबंधी सुझाव दे सकेगी.
- एंबुलेंस की लाइव लोकेशन शेयर की जा सकती है.
- सड़क सुरक्षा जैसे ब्लैक स्पॉट, खतरनाक मोड़, गति सीमा, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र की जानकारी.
- मानचित्र पर दैनिक यातायात सलाह जैसे जुलूस, विरोध, रैलियां, वीआईपी मूवमेंट, सड? बंद, डायवर्जन अलर्ट.
- मानचित्र पर सरकारी सेवाओं के आस-पास के स्थान दिखाना.
- आगमन के अनुमानित सम्य और दो चयनित स्थानों के बीच की दूरी के साथ ही मार्ग का आप्शन.
- यातायात से जुडे मुद्दे जैसे गति, पार्किंग क्षेत्र, जलभराव, सड? की स्थिति और खतरे, ग्रिड लॉक, ट्रैफिक लाइट की विफलता, दुर्घटना की रिपोर्ट और वास्तविक समय में ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट के रूप में भीड़ भाड़ की जानकारी.
- दुर्घटनाओं, वाहन टूटने, दंगों जैसी घटनाओं पर गतिशील जानकारी.
- इमरजेंसी सेवाओं के लिए घटना स्थल- गंतव्य तक पहुंचने के लिए घटना का स्थान ट्रैकिंग और सबसे तेज मार्ग का ऑप्शन पूरे यूपी में यातायात की स्थिति के विजुलाइजेशन के लिए डैशबोर्ड सड़कों पर लागू गति सीमाओं की जानकारी के साथ ही विभिन्न शहरों के लए निर्देशित पार्किंग क्षेत्र देखने की भी सुविधा होगी.

# भूमि विवाद में मारपीट, तीन घायल, आठ पर एफआईआर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 Nov):** चौरी चौरा व हरपुर बुदहट थाना क्षेत्रों में रविवार को भूमि विवाद में जमकर मारपीट हुई. इसमें मां, बेटे व एक महिला को चोट लगी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया. स्वजन की तहरीर पर मामले में आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है.

## भूमि विवाद में पिटाई

बाल बुजुर्ग गांव में भूमि विवाद में मनबढ़ों ने मां–बेटे की पिटाई कर दी. संगीता प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने नंदलाल प्रजापति, व्यास प्रजापति, छोटेलाल प्रजापति, रामदुलारे पर मुकदमा दर्ज किया है. हरपुर बुदहट संवाददाता के अनुसार संतकबीरनगर जनपद के महुली थाना के मरवटिया



की महिला बेदमुखी ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार को वह मुकदमे की सुनवाई में सहजनवा तहसील गई थी. वहां से हरपुर थाने के रामनगर स्थित अपनी भूमि पर जा रही थी. इसी दौरान गांव के कुछ मनबढ़ों ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया. पुलिस ने तहरीर के आधार पर इंद्रदेव राय, रमेश राय, ध्रुव राय पुत्रगण स्व. विद्याधर राय, देवेंद्र राय पुत्र रमेश राय के खिलाफ मारपीट और तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है.

# छह साल की मासूम से रेप, पकड़ा गया किशोर

## किराना की दुकान पर मसाला लेने गई थी मासूम

## दुकान पर बैठे नाबालिग युवक ने की हैवानियत

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 Nov):** गोरखनाथ इलाके में एक छह साल की मासूम बच्ची के साथ रेप की घटना हुई. गोरखनाथ थाना क्षेत्र में किराने की दुकान पर सामान लेने गई छह साल की नाबालिग बच्ची के साथ एक किशोर ने दुष्कर्म किया. पीड़ित बच्ची ने घर पहुंचकर मां को आपबीती बताया. मामले में पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने किशोर को अरेस्ट कर लिया है.

### मसाला देने के बहाने अंदर बुलाया

घटना शनिवार शाम की है. नाबालिग बच्ची अपनी मां के कहने पर घर के पास स्थित किराने की दुकान पर मसाला लेने गई थी. आरोप है कि दुकान पर बैठे आरोपित ने मसाला देने के बहाने उसे दुकान के अंदर बुलाया और बच्ची के साथ हैवानियत की. बच्ची किसी तरह दुकान से भागकर जान बचाई. घर जाकर अपनी मां को आपबीती बताई.



**376** एबी व 5/6 पाक्सो ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया.

### पुलिस ने आरोपित को दबोचा

बेटी के साथ हुई हैवानियत की जानकारी होते ही पिड़िता की मां पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा. इसके बाद जब दुकान पर गई तो वहां पर आरोपी बहस करने लगा. जिसके बाद पिड़िता के पिता ने थाने पर तहरीर देकर गोरखनाथ पुलिस को घटना की जानकारी दी. पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईपीसी की धारा 376 एबी व 5/6 पाक्सो ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया. रविवार की सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है.

# गोरखपुर में चोर मचाए शोर, 2 माह में 1 करोड़ का माल पार

SHOCKING



**GORAKHPUR (6 Nov):** 'मेरी दादी की सोने की भरतु हंसुली, गुड़हरा और करधन, स्वर्गीय मां के कीमती सोने के गहने चोर उठा ले गए. जनवरी में घर पर लड़के की शादी थी, जिसके लिए नए गहने भी खरीदे थे. चोरों ने घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर 40 से 45 लाख रुपए की सारे सोने के गहने उड़ा दिए. ये दर्द भरी दास्तां खोराबार निवासी सत्यप्रकाश शुक्ला ने सुनाई.' सत्यप्रकाश शुक्ला के घर 31 अक्टूबर को दिनदहाड़े चोरी की घटना हुई, जिससे पूरे इलाके में दहशत मच गई. ये इकलौती चोरी नहीं है, बल्कि गोरखपुर में आए दिन चोर घरों को खंगाल रहे हैं. कही ना कहीं पुलिस कमजोर हुई है, जिससे चोरों की चांदी हो गई है और बीते करीब दो माह में अलग-अलग घटनाओं में 1 करोड़ रुपए से अधिक का माल पार हो गया.

## बीते कुछ माह में चोरी की घटनाएं

- 1 नवंबर को खोराबार निवासी सत्यप्रकाश शुक्ला के घर करीब 40 से 45 लाख की चोरी.
- 3 नवबंर को सहारा स्टेट व्यापारी राकेश सिंह के घर 30 लाख की चोरी.
- 3 अक्टूबर को शिवपुर शहबाजगंज निवासी आत्मा जायसवाल के घर 1.80 लाख की चोरी.
- 5 अक्टूबर को पादरी बाजार सरस्वतीपुरम निवासी दीपक कुमार शर्मा के घर 9 लाख से अधिक की चोरी.
- 9 अक्टूबर खोराबार वनस्पति टोला निवासी रमेश निषाद के घर 3 लाख की चोरी.
- 16 अक्टूबर पिपराइच निवासी कन्हैयालाल के गोदाम से चार लाख की चोरी.
- 27 अक्टूबर झंगहा शिवपुरी निवासी बृजेश सिंह के घर 6 लाख की चोरी.
- 29 अक्टूबर खोराबार पकड़िहवा निवासी आनंद राय के घर 3 लाख की चोरी.
- अगस्त माह में जंगल धूषण स्थित सुशांत सिटी में रविंद्र गिरि के एक घर से चोरों ने सेंधमारी कर सात लाख रुपए का माल पार कर दिया था.

(नोट: चोरी की ये घटनाएं पीड़ितों की कंप्लेन के अनुसार हैं.)

## दिन दहाड़े और ताला तोड़कर चोरी

शहर एरिया हो या फिर रूरल इलाका यहां दिन दहाड़े भी चोर घर में घुसकर चोरी की घटना कर रहे हैं. यही नही अधिकतर घटनाओं में घर का ताला और दरवाजा तक चोरों ने तोड़ दिया है. ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल उठना लाजमी है.

## बावरिया की तर्ज पर करते हैं काम

एसपी नॉर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि जाड़े में चोरी की घटना बढ़ जाती है. अब बावरिया गैंग तो यहां नही आती है, लेकिन उनकी तर्ज पर कुछ लोग चोरी की घटना को अंजाम देते हैं. सिर पर डंडा मारना, घर पर गंदगी फैलाना ये सब बावरिया गैंग का काम करने का तरीका है.



## वापस नहीं मिलता चोरी का माल

रूरल और अर्बन एरियाज में चोरी की घटनाएं बढ़ी है. अधिकतर मामलों में चोर ऐसे घरों को खंगाल रहे हैं, जिन घरों में ताला बंद रह रहा है. वहीं, लोगों का यह भी कहना है कि चोरी गए सामान के मिलने की बहुत कम संभावना है. वो लोग पुलिस को सूचना देकर ऐसी घटना को भूल जाने में ही भलाई समझते है.

## एसपी नार्थ मनोज अवस्थी से सीधी बात

आए दिन बंद घरों का ताला तोड़ रहे बेखौफ चोर

माह में चोरों ने घरों से उड़ा दिए करोड़ों का माल

**रिपोर्टर:** इधर चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं.

**एसपी नार्थ :** ठंड में चोरी की घटनाएं बढ़ती हैं.

**रिपोर्टर:** चोरी रोकने का क्या प्लान है.

**एसपी नार्थ :** जाड़े में चार माह चलता है गश्त मिलान.

**रिपोर्टर:** क्या होता है गश्त प्लान.

**एसपी नार्थ :** इसमे सभी थानों की पुलिस एक साथ निकलती हैं, अपने-अपने क्षेत्र में होते ऐसी जगह पहुंचते है, जहां दूसरे थाने का बॉर्डर होता है. दोनों थाने की पुलिस वहां मिलती है.

**रिपोर्टर:** कोई ऐसा क्षेत्र, जहां के लोग चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं.

**एसपी नार्थ :** अधिकतर चोरी की घटना, जिसमे घरों में ताला तोड़ने वाली बात सामने आती है. इसमे आस-पास के ही चोरों को होने की अधिक संभावना रहती है.

# कर्ज की किस्त भरने के लिए करने लगे लूट!

- बाइक लोन की किस्त जमा करने को युवक ने की थी लूट
- होमलोन की किस्त जमा करने को भी लूट की हो चुकी कोशिश

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** बैंक की ईएमआई के बढ़ते बोझ के दबाव में तमाम कर्जदार अपराध का रास्ता अपनाने लगे हैं। हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई जिनमें कर्ज चुकाने के लिए कर्जदारों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। कुछ ऐसे मामले भी आए हैं जिसमें कर्ज चुकाने के लिए रुपये बचाने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ी गई।

हाल ही में शाहपुर इलाके में स्थित बंधन बैंक में एक एमआर ने होम लोन की किस्त चुकाने के लिए बैंक में लूट की कोशिश की। हेलमेट लगाए और गमछे से चेहरा ढके शाम के 4.30 बजे एमआर बैंक में जा घुसा और कैशियर पर रिवाल्वर तानकर गोली मारने की धमकी देते हुए एक बैग में रुपये भरने को कहा। सहमा कैशियर रुपये बैग में भरने लगा इस बीच बैंक के एक कर्मचारी ने अलार्म बटन दबा दिया। इसके बाद आरोपी एमआर फरार हो गया।

सीसी फुटेज के आधार पर 3 नवम्बर को पुलिस ने पकड़ा तो उसकी पहचान दवा की एक बड़ी कंपनी के एमआर जलालुद्दीन के रूप में हुई। 40 हजार वेतन पाने वाले जाललुद्दीन ने 40 लाख का होमलोन ले रखा था। इसके अलावा उस पर दस लाख रुपये एक दवा कम्पनी का कर्ज था। किस्त जमा नहीं हो पा रही थी इसलिए उसने बैंक लूटने की योजना बनाई और जिस बैंक में खाता था उसी की रेकी कर लूट करने पहुंच गया था। लूट के मामले में शामिल उस बदमाश ने बाइक की किस्त जमा करने को लूट की थी।

**कर्ज चुकाने से बचने को गढ़ी 2.5 लाख की लूट की कहानी :** बीते दिनों चौरीचौरा इलाके में अजय कुमार नाम के प्रॉपर्टी डीलर ने 2.5 लाख रुपये की लूट की घटना बताकर सनसनी फैला दी थी। जांच में खुलासा हुआ।

# छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, किशोर पकड़ाया

**शर्मनाक**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरखनाथ इलाके के रसूलपुर में शनिवार को छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया। आरोप है कि दुकान पर बैठे 14 वर्षीय किशोर ने मसाला देने के बहाने दुकान में बुलाया और फिर दुष्कर्म किया। बच्ची ने घर पहुंचकर आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर किशोर को पकड़ लिया।

रसूलपुर मोहल्ले में बच्ची व पति के साथ एक महिला किराये के मकान में रहती है। पास में ही एक किराने की दुकान है। शनिवार को मां ने बच्ची को मसाला लेने के लिए भेज दिया था। बच्ची दुकान पर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान दुकानदार के बेटे ने मसाला देने के बहाने अंदर बुलाया लिया और फिर अकेला पाकर दुष्कर्म किया। बच्ची ने शोर मचाया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। बाद में बच्ची घर पहुंची और आपबीती बताई। इसके बाद मां ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बच्ची का प्राथमिक उपचार कराने के साथ ही पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ दुर्गेश सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है।

## किशोरी से छेड़खानी

पीपीगंज। थानाक्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के घर में घुसकर मनबढ़ युवक ने छेड़खानी कर दी। शोर मचाने पर बड़ी बहन के पहुंचते ही मनबढ़ युवक भाग गया। परिजनों ने रविवार को पुलिस को तहरीर दी है। इस घटना की जानकारी परिजनों ने पीपीगंज पुलिस को दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

# कार वाले बकरा चोर हिरासत में

मेडिकल कॉलेज। चिलुआताल पुलिस ने कार वाले बकरा चोरों को हिरासत में ले लिया है। कार सवार युवक चर रहे बकरे को रोटी खिलाकर पकड़ना चाह रहे थे कि चरवाहे के शोर मचाने में पर लोगों ने दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। चिलुआताल थानाक्षेत्र के मानबेला करबला के पास कुछ लोग बकरियों को चरा रहे थे।

इसी दौरान कार सवार युवक बकरे को रोटी खिलाकर पकड़ने लगा। चरवाहों की नजर पड़ी तो शोर मचाया। तब तक लोगों ने कार को घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। चिलुआताल पुलिस ने बकरा चोरों को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ कर रही है।

गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में पहुंचे 800 फरियादी, सीएम योगी ने अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

# समस्याएं सुनने में न देर हो न लापरवाही : योगी

**जनता दर्शन**

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से दो टूक कहा है कि आम अवाम की समस्याओं की सुनवाई और निस्तारण में न तो देर की जाए और न ही किसी तरह की लापरवाही हो। समस्याओं का निस्तारण शीघ्र किया जाए। साथ ही इस बात का ध्यान रखा जाए कि फरियादी निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद गोशाला में जाकर पशुओं की सेवा की। इसके बाद वह गोरखनाथ स्मृति भवन परिसर में पहले से बैठाए गए तकरीबन 800 फरियादियों के बीच पहुंचे। उन्होंने एक-एक कर सभी फरियादियों के पास पहुंचकर उनकी समस्या सुनी। उनके प्रार्थना पत्र लेकर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता उम्मीद और भरोसे के साथ अफसरों के कार्यालयों में पहुंचती है। उसे यह भरोसा होता है कि उसकी समस्याएं सुनी जाएंगी। निस्तारण भी शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जनता के इस भरोसे को कायम रखने के लिए जरूरी है कि उनकी समस्याओं का समय से निस्तारण हो जाए। उन्हें पहली सीढ़ी पर ही न्याय मिल जाए।

**अल्पसंख्यक महिलाओं को दिया मदद का भरोसा :** अल्पसंख्यक समुदाय की एक महिला ने सीएम योगी से अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देकर रोजगार दिलाने की गुहार की। बताया कि उसके पास राशन कार्ड भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने उसे आश्वस्त किया कि राशन कार्ड भी बनेगा और काम की व्यवस्था भी कराई जाएगी। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित भी किया। एक अन्य अल्पसंख्यक महिला ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की फरियाद की। सीएम ने उसे भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में इलाज नहीं रुकने पाएगा। अस्पताल का इस्टीमेट मिलते ही धन उपलब्ध करा दिया जाएगा।



गोरखनाथ मन्दिर के स्मृति भवन परिसर में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मैं हूं, मत करें किसी तरह की चिंता

मुख्यमंत्री ने हर फरियादी को यह भरोसा दिया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनकी सभी समस्याओं का निस्तारण करना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार को हर एक व्यक्ति की चिंता है।

### मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारा और दी टॉफी

जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट दिया। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। एक बच्चे ने स्कूल न जाने की बात कही। इस पर मुख्यमंत्री ने उसकी मां को समझाते हुए कहा कि बेहतर भविष्य के लिए बच्चे को स्कूल अवश्य भेजिए। सरकार ने मुफ्त शिक्षा के साथ बैग, कॉपी-किताब सब व्यवस्था कर रखी है।

- फरियादियों से प्रार्थनापत्र लेकर अफसरों को निस्तारण के निर्देश
- बोले- पैसे के अभाव में नहीं रुकने पाएगा किसी मरीज का इलाज

### बेवजह निर्माण रोकने वालों पर होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कुछ फरियादियों ने जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने या मकान निर्माण में बाधा डालने की शिकायत की। इस पर सीएम योगी के तेवर सख्त हो गए। उन्होंने पुलिस अफसरों को हिदायत दी कि किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए। कोई अपनी भूमि पर निर्माण करा रहा हो तो बेवजह बाधा डालने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

# किसानों की समृद्धि से यूपी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

**बोले योगी**

बलिया/चंदौली, हिटी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों की समृद्धि से यूपी वन ट्रिलियन इकोनॉमी के अपने लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब होगा। वाराणसी-बलिया-हल्दिया जल मार्ग से पूर्वांचल के किसानों को अपनी उपज के लिए वैश्विक बाजार उपलब्ध होगा। इससे युवाओं का नौकरी भी मिलेगी तथा रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

बलिया में चंद्रशेखर उद्यान में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद रविवार को मुख्यमंत्री ने बलिया की हरी मिर्च लेकर दोहा कतर के लिए एक ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां 75 करोड़ की परियोजनाओं का सीएम ने शिलान्यास व लोकार्पण भी किया। दोपहर बाद चंदौली पहुंचे योगी ने कहा कि कृषि प्रधान जिले में उत्पादित काले धान ने देश और दुनिया में चंदौली को नई पहचान दी है।



रविवार को जनता दर्शन में फरियाद सुनते सीएम योगी आदित्यनाथ।

### अफसर न देर करें न लापरवाही : मुख्यमंत्री

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से दो टूक कहा है कि आम अवाम की समस्याओं की सुनवाई और निस्तारण में न तो देर की जाए और न ही किसी तरह की लापरवाही हो। समस्याओं का निस्तारण शीघ्र किया जाए। साथ ही इस बात का ध्यान रखा जाए कि फरियादी निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद गोशाला में पशुओं की सेवा की। > P 03

# फोटोग्राफी में संतकबीर नगर अव्वल

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पुलिस लाइन में रविवार को आयोजित जोन की 65वीं अंतर जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता में संतकबीरनगर पुलिस, सर्वाधिक अंक पाकर पहले स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर गोरखपुर पुलिस रही। प्रतियोगिता में जोन के दस जनपदों के कुल 30 अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।



अंतरजनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजयी पुलिस कर्मी

प्रतियोगिता में बताया गया कि पुलिस द्वारा साक्ष्य के साथ किये गये अनुसंधान के सहारे गवाहों के मुकरने के बाद भी मुजरिमों को न्यायालय से सजा दिलाने में काफी मदद मिलती है। वैज्ञानिक पद्धति के सहारे जटिल से जटिल घटनाओं का पर्दाफास करने में काफी आसानी हो जाती है। समय की भी बचत होती है।

प्रतियोगिता में विधि विज्ञान लिखित, मेडिकोलीगल, फिंगरप्रिंट, क्राईम इन्वेस्टिगेशन, फोटोग्राफी (आईओ), पैकिंग लेबलिंग व फोरवर्डिंग, निरीक्षण घटनास्थल समेत हुलिया बयान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित लिखित व प्रयोगात्मक परीक्षाएं हुईं।

इस मौके पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ एवं गोरखपुर के अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक यातायात डा. महेंद्र पाल सिंह, सीओ चौरीचौरा मानुष पारीक समेत अन्य मौजूद रहे।

# सरकारी फंड दिलाने के नाम पर ढाई लाख रुपये की ठगी

- दंपती ने स्कूल का भवन बनाने के लिए फंड दिलाने का दिया था झांसा
- न्यायालय के आदेश पर कैंट थाने में तीन आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः स्कूल का भवन बनवाने के लिए 10 लाख रुपये की मदद दिलाने का झांसा देकर दंपती ने ढाई लाख रुपये हड़प लिए। अब प्रबंधक द्वारा रुपये वापस मांगने पर आरोपित धमकी दे रहे हैं। न्यायालय के आदेश पर दंपती समेत तीन के विरुद्ध जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है।

माया बाजार निवासी डा.रहमत अली की पत्नी अमिना खातून गीडा इलाके के पिपरौली में स्कूल चलाती हैं। संचालन बेटी जरीन करती है, अमिना सिर्फ देखरेख करती हैं। स्कूल एएमयू संस्था की ओर से संचालित होता है। अमिना के अनुसार गोरखनाथ के रहने वाले इंद्रेश पांडेय नाम का व्यक्ति स्कूल में काम करता था। अक्टूबर 2021 में उसके जरिये संतोष त्रिपाठी पत्नी उर्मिला संग स्कूल में पहुंचे। दोनों ने बताया कि वे स्कूल का भवन बनवाने के लिए सरकारी धन उपलब्ध कराते हैं। दोनों ने 10 लाख रुपये सरकारी फंड दिलाने का भरोसा देकर 2.50 लाख रुपये ले लिए। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूष राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# मुख्य आरक्षियों को टैफिक नियम बताए

गोरखपुर। एसपी यातायात एवं यातायात निरीक्षक ने 'यातायात माह नवम्बर 2022' के दृष्टिगत पीटीएस गोरखपुर में प्रशिक्षण ले रहे 279 मुख्य आरक्षीयों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए मैपल एप डाउनलोड कराकर उसकी नेविगेशन के लिए उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने आरक्षियों से स्वयं सड़क सुरक्षा में यातायात नियमों का पालन करते हुए आमजन के समक्ष दोस्त की तरह पेश आने की अपील की।

# नुक्कड़ नाटक कर बताए यातायात के नियम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** यातायात माह के तहत रविवार की शाम माउंट लिटेरा के बच्चों ने नौकायन पर नुक्कड़ नाटक कर लोगों को यातायात नियमों के पालन करने का संदेश दिया। बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, तीन सवारी न चले, स्टंट न करें, अपने लेन में ही चले। चार पहिया वाहन चलाते समय सभी लोग सीट बेल्ट अवश्य लगाएं।

इसके पूर्व एसपी यातायात डा.एमपी सिंह ने पीटीएस में प्रशिक्षण ले रहे हैं 279 मुख्य आरक्षियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी को मैपल एप डाउनलोड कराकर उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आरक्षियों से स्वयं सड़क सुरक्षा में यातायात नियमों का पालन करते हुए आमजन के सामने आदर्श पुलिस की तरह पेश होने कि अपील की।




नौकायन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी यातायात ● **जागरण**

उन्होंने कहा कि बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट लगा वाहन, नशे की हालत में गाड़ी, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने को लोगों से अपील की।

# मारपीट में तीन घायल, आठ पर मुकदमा

**जासं, गोरखपुर:** चौरी चौरा व हरपुर बुदहट थाना क्षेत्रों में रविवार को भूमि विवाद में जमकर मारपीट हुई। इसमें मां, बेटे व एक महिला को चोट लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। स्वजन की तहरीर पर मामले में आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

मुंडेरा संवाददाता के अनुसार बाल बुजुर्ग गांव में भूमि विवाद में मनबढ़ों ने मां-बेटे की पिटाई कर दी। संगीता प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने नंदलाल प्रजापति, व्यास प्रजापति, छोटेलाल प्रजापति, रामदुलारे पर मुकदमा दर्ज किया है।

हरपुर बुदहट संवाददाता के अनुसार संतकबीरनगर जनपद के महुली थाना के मरवटिया की महिला बेदमुखी ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार को वह मुकदमे की सुनवाई में सहजनवा तहसील गई थी। वहां से हरपुर थाने के रामनगर स्थित अपनी भूमि पर जा रही थी। इसी दौरान गांव के कुछ मनबढ़ों ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इंद्रदेव राय, रमेश राय, ध्रुव राय पुत्रगण स्व. विद्याधर राय, देवेंद्र राय पुत्र रमेश राय के खिलाफ मारपीट और तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

## पुलिस पिकेट के पास मारपीट, चार हिरासत में

**जासं, भटहट :** जंगल डुमरी नंबर दो के खपड़हवा चौराहे पर स्थित पुलिस पिकेट के समीप रविवार की शाम को मनबढ़ों ने एक युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने चार आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। घायल को सीएचसी भेजा गया है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि टिकरिया निवासी बुद्धि राम जंगल डुमरी नंबर दो के सकलदीपपुर में अपनी ससुराल गया था। शाम को खपड़हवा चौराहे पर पकौड़ी खा रहा था। इसी दौरान कोइरीपुर निवासी अजय कनौजया की बाइक का पहिया उसके पैर पर चढ़ गया। इसे लेकर दोनों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। सूचना पाकर उसके ससुराल वाले पहुंच गए और अजय कनौजिया को पीट दिए। चार आरोपितों को हिरासत में लिया गया है।

# रेस्टोरेंट में घुसकर पीटा, मुकदमा भी दर्ज कराया

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बदमाश के साथ रेस्टोरेंट में पहुंचे नेता रसोई बंद होने के बाद भी कर्मचारियों पर भोजन देने का दबाव बनाने लगे।मना करने पर अभद्रता शुरू कर दी। प्रतिकार करने पर बदमाश ने साथियों संग मिलकर रेस्टोरेंट कर्मचारियों को पीट दिया। आरोपितों की करतूत रेस्टोरेंट में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर रामगढ़ताल पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया तो आरोप है कि समझौते का दबाव बना रहे नेता ने बात न मानने पर पीड़ित रेस्टोरेंट संचालक व कर्मचारियों के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज करा दिया। एसएसपी आरोप मामले की जांच करा रहे हैं।

घटना एक नवंबर की रात 10 बजे की है। नौकायन रोड स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में एक नेता अपने साथ जेल से छूटे बदमाश व साथियों को लेकर पहुंचे। कर्मचारियों ने रसोई बंद होने की जानकारी दी तो भोजन देने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि असमर्थता जताने पर पीटना शुरू कर दिया। रेस्टोरेंट के सीसी कैमरे में आरोपितों की करतूत कैद हो गए। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि रिसेप्शन पर खड़े कर्मचारी को पीटने के बाद गिलास तोड़कर गले में घोंपने का प्रयास भी किया गया। मोबाइल से वीडियो बना रहे युवक को बेरहमी से पीटा जा रहा है। रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह की तहरीर पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने चार नामजद समेत 19 के विरुद्ध डकैती, मारपीट, बलवा व तोड़फोड़ करने का मुकदमा दर्ज किया। घटना के दो दिन बाद आरोपितों ने भी रेस्टोरेंट संचालक उनके साथी व एक पार्षद के खिलाफ डकैती, तोड़फोड़ व बलवा का मुकदमा दर्ज करा दिया। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि एसपी सिटी की जांच में रेस्टोरेंट के अंदर व बाहर मारपीट होने की बात सामने आयी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।



रेस्टोरेंट में कर्मचारियों को पीटते आरोपित ● सौ. इंटरनेट मीडिया

- **नौकायन रोड के रेस्टोरेंट में हुई घटना, वीडियो वायरल**
- **रात 10 बजे किचन बंद होने के बाद मांग रहे थे खाना**

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# गोरखनाथ इलाके में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म

## नाबालिग आरोपी पर केस दर्ज कर पुलिस ने पकड़ा

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गोरखनाथ इलाके में शनिवार को छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकान पर बैठे 14 वर्षीय किशोर ने मसाला देने के बहाने बच्ची को दुकान में बुलाया और फिर दुष्कर्म किया।

बच्ची ने घर पहुंचकर आपबीती बताई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर किशोर को पकड़ लिया।

जानकारी के मुताबिक, एक महिला बच्ची व पति के साथ गोरखनाथ इलाके में किराये के मकान में रहती है। पास में ही किराने की दुकान है। शनिवार को मां ने बच्ची को मसाला लेने के लिए भेजा था।

आरोप है कि दुकान पर पहुंचने पर दुकानदार के बेटे ने मसाला देने के बहाने बच्ची को अंदर बुला लिया और दुष्कर्म किया। बाद में बच्ची घर पहुंची और आपबीती बताई। इसके बाद मां ने पुलिस को सूचना दी। बच्ची का प्राथमिक उपचार कराने के साथ ही पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया गया है। आरोपी की उम्र 14 वर्ष है।

### मां-बेटे से मारपीट में चार पर केस

**चौरीचौरा।** इलाके के बाल बुजुर्ग गांव में जमीन विवाद में मां-बेटे की पिटाई करने के मामले में पुलिस चार लोगों पर नामजद केस दर्ज कर जांच कर रही है। गांव की संगीता ने बताया कि शनिवार को जमीन विवाद में मुझे व मेरे बेटे दिवाकर को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने नंदलाल प्रजापति, व्यास प्रजापति, छोटेलाल प्रजापति, रामदुलारे के खिलाफ कार्रवाई की है। ब्यूरो

# बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही 'तीसरी आंख'

## गोरखपुर रेंज में 316 मामलों में सीसीटीवी कैमरों से पुलिस को मिली कामयाबी, एडीजी चला रहे अभियान

**शिवम सिंह**

**गोरखपुर।** तीसरी आंख (सीसीटीवी कैमरे) की मदद से पुलिस चंद दिनों में ही बदमाशों को जेल के सलाखों के पीछे भेजने में कामयाब हुई है। इतना ही नहीं कैमरों की मदद से केस खुलने के बाद इसे वैज्ञानिक साक्ष्यों के तौर पर भी इस्तेमाल कर रही है। इसका फायदा आरोपियों को सजा दिलाने में मिलेगा। पिछले चार महीनों में गोरखपुर रेंज (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज) में 316 मामलों के खुलासे में पुलिस को सीसीटीवी कैमरों की मदद से कामयाबी मिली है।

जानकारी के मुताबिक, एडीजी अखिल कुमार ने ऑपरेशन त्रिनेत्र की शुरुआत कर जनप्रतिनिधि, व्यापारियों व संभ्रांत लोगों की मदद से कैमरे लगवाने की शुरुआत की। इसका असर रहा कि गोरखपुर शहर में 176 जगहों पर कैमरे लग चुके हैं। अब प्रधानों की मदद से गांवों में भी लगाए जा रहे हैं। एडीजी अखिल कुमार ने इस सफलता के बाद एक बार फिर हर घर कैमरे के अभियान में तेजी लाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया है।

**केस 1**

**28 अक्तूबर** को कुशीनगर के व्यापारी रामाकांत को कार में बैठाकर बदमाशों ने 6.54 लाख रुपये लूट लिए थे। पुलिस को मोहद्दीपुर में एक घर से सीसीटीवी फुटेज हाथ लग गया। इसके बाद पुलिस ने आईटीएमएस की मदद से उसे सत्यापित कर दो दिन में इस घटना में शामिल बिहार के बदमाशों को पकड़ लिया।

**केस 2**

**दो नवंबर** को शाहपुर इलाके के बंधन बैंक में लूट की कोशिश की गई थी। बैंक के कैमरे में हेलमेट लगाए बदमाश की तस्वीर आई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो उस रोड पर लगे अन्य कैमरों की मदद से गाड़ी का नंबर मिल गया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बदमाश को पकड़कर घटना का पर्दाफाश कर दिया।

**केस 3**

**छह सितंबर** को रामगढ़ताल इलाके से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई थी। पुलिस ने 36 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और शहर से 120 किलोमीटर दूर मऊ जिले से ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पहली मदद कैमरे से मिली थी और फिर 36 जगहों पर फुटेज देखते हुए पुलिस आरोपी तक पहुंची थी।

**केस 4**

**चार अक्तूबर** को युवा दवा व्यापारी व रिटायर्ड दरोगा पुत्र विकास तिवारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी को खंगाला और आरोपियों की पहचान कर ली। फिर सर्विलांस की मदद से आरोपियों को धर दबोचा। इस घटना के पर्दाफाश में भी पुलिस को चंद दिन ही लगे और आरोपी जेल भेजे गए।

**बैंक लूट हो या अगवा कर लूट सभी घटनाओं के पर्दाफाश में पुलिस को मिली मदद**

ऑपरेशन त्रिनेत्र में 91 लोगों की मदद से 176 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसका फायदा हुआ है कि आपराधिक घटनाओं में कमी आई है। आरोपी जल्दी पकड़े गए हैं। हर घर कैमरा अभियान की भी शुरुआत की गई है, जिसमें लोग आगे आ रहे हैं। जल्द ही हर जगह कैमरा होगा, जिससे अपराध पर अंकुश लगेगा। - **अखिल कुमार**, एडीजी जोन

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-11-2022

# एसडीएम सीओ ने स्नान घाटों का किया निरीक्षण

**बरहज/भागलपुर (एसएनबी)**। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नगर में लगने वाले मेले व स्नान पर्व को देखते हुए उपजिलाधिकारी डा. गजेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी पंचमलाल ने थाना घाट सहित भागलपुर के कालीचरण घाट का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नदी के किनारे बल्ली व बांस गाड़कर रस्सी बांधने का निर्देश दिया। ताकि श्रद्धालु स्नान के दौरान गहरे पानी में न जा सके और न ही कोई उसे असुविधा हो। कार्तिक पूर्णिमा के दिन नगर में छोटे बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से पाबन्दी लगाने की बात कहते हुए कहा कि कस्बा से बाहर ही गाड़ियों को पार्किंग स्थलों में खड़ी करनी होगी। नगर के तहसील रोड, लवरछी बाईपास तथा पैना बाईपास की तरह बैरिकेटिंग कर पुलिस की ड्यूटी रहेगी। स्नान पर्व के दिन दो पहिया वाहनों के आवागमन पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। पथ प्रकाश, पेयजल एवं स्वच्छता के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि स्नान पर्व के पूर्व से ही नदी घाटों की साफ सफाई व पथ प्रकाश की व्यवस्था सुदृढ़ कर लिया जाय। भागलपुर के कालीचरण घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ स्नान करने के लिए उमड़ती है। किसी तरह की कोई असुविधा न हो इसके लिए मुख्य चौराहे और हास्पीटल तिराहे व पिण्डी तिराहे पर बांस बल्ली से बैरिकेटिंग कर पुलिस की ड्यूटी लगायी जायेगी। पुलिस चौकी से उत्तर तरफ खाली जमीन में वाहनों के खड़ा करने की पार्किंग व्यवस्था होगी। मेला मैदान में साफ सफाई के लिए एसओ संदीप सिंह तथा प्रधान प्रतिनिधि बृजभूषण यादव को निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अरविन्द पाण्डेय, अली चौधरी, संतोष जायसवाल, दिनेश साहनी, शम्भू जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# कब्र से महिला का शव निकलवा भेजा पीएम को

भटनी (देवरिया)। भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम चाँदपार मे प्रशव के दौरान हुई मृत्यु होने पर कब्र मे दफनाते समय पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । घटना के सम्बन्ध मे बताया गया है कि मृतक महिला का गाँव के ही एक दुसरे सम्प्रदाय के युवक से लगाव हो गया ।और मौका पाकर दोनो गाँव से चले गये ।उस समय लडकी अल्पव्यस्क थी ।पिता द्वारा थाने मे मुकदमा दर्ज कराया गया था ।पुलिस ने दोनो को पकड कर थाने लायी ।युवती घर जाने से इन्कार कर दिया ।उसे बाल सुरक्षा गृह भेज दिया गया और युवक को जेल भेज दिया गया । बाद मे युवती द्वारा बयान बदलने के कारण युवक जेल से छुट गया और दोनो विवाह कर लिए ।गाँव मे ही युवक के साथ रहने लगी । और रविवार कोमौत हो गयी।परिजन शव को दफनाने के लिए रख दिये थे ।इसी समय लडकी के पिता अमरनाथ ने पुलिस को तहरीर दिया कि मेरी पुत्री को मेरे ही गाँव के आशिक रजा जावेद रोज मुहम्मद अनारी बेगम व अन्जू देवी 5नवम्बर की रात्रि मे हत्या करके शव को दफना रहे है ।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्र से उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही कार्यवाही होगी ।

# महिला लेखपाल को जान से मारने की धमकी

भरथुआ (एसएनबी)। कोतवाली क्षेत्र सलेमपुर अन्तर्गत ग्राम मनिहारी में चक रोड की पैमाइश करने ग ई महिला लेखपाल को कब्जा धारी ने गाली देने व जान से मारने की धमकी देने की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस सलेमपुर को दिया जिसको लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ बिभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जाच कर रहीं हैं। बताया जाता है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर ग्राम मनिहारी में चक रोड न172 की पैमाइश करने महिला लेखपाल गई थी जिस पर चक रोड कब्जा धारी ने लेखपाल के साथ गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने लगा जिस की लिखित तहरीर महिला लेखपाल ने कोतवाली पुलिस को दिया जिस पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ १88२ 56२ 3५4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जाच कर रही हैं।

# सात लोगों पर एससी एसटी एक्ट के तहत केस

सलेमपुर (देवरिया)। कोतवाली पुलिस ने भाजपा के सेक्टर प्रमुख राघवेन्द्र पासवान की तहरीर पर हरैया लाला निवासी रामचन्द्र प्रजापति, अजय, विजय, जुगनू, मनीष, हीरालाल एवं बीरेंद्र के खिलाफ धारा 147,323,504 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

हिन्दुस्तान दि० 27/11/22

# कब्र से शव को निकाल कर पोस्टमार्टम कराया

- पिता ने लगाया बेटी की हत्या का आरोप
- शादी के बाद गांव में ही रहते थे प्रेमी युगल

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की मौत के बाद पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। पुलिस के अनुसार युवती गाँव के ही लडके से प्रेम विवाह कर एक साल से साथ रहते थे। जिसको लेकर परिवार नाराज था।

महिला गर्भवती थी प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला के मौत की गुत्थी सुलझने की जानकारी दी है। एक गांव में दो समुदाय के युवक-युवती में प्रेम प्रसंग था। कुछ साल पूर्व परिवार की सहमति न होने के कारण दोनों गांव से फरार हो गए। पिता ने गांव के ही युवक तथा उसके पिता पर नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर युवक तथा उसके पिता को जेल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार जेल से बाहर आने के बाद युवक मुम्बई कमाने चला गया। जहां युवती भी चली गयी तथा दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद दोनों गांव में रहने लगे। इसी बीच महिला गर्भवती हो गयी।

हिन्दुस्तान दि. 07/11/22

# अतिक्रमण हटवाने पर लेखपाल को धमकी, केस

- मनिहारी गांव में आम रास्ते पर अतिक्रमण हटवाने गई थी लेखपाल
- पांच पर सम्पत्ति क्षति निवारण समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। हाईकोर्ट के आदेश पर तहसील के अधिकारियों के साथ मनिहारी गांव में सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण हटवाने गई महिला लेखपाल को दबंगों ने जान से मारने की धमकी दे दी। इस मामले में लेखपाल संध्या चौरसिया की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव की एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ सम्पत्ति क्षति निवारण समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

ब्लाक क्षेत्र के मनिहारी गांव की लेखपाल संध्या चौरसिया ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर वे मनिहारी में तहसीलदार मिश्री सिंह चौहान एवं अन्य राजस्व टीम संग रास्ते का अतिक्रमण हटाने को शनिवार को गई थी। तहसील के अधिकारियों व पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद उस पर पुनः मनिहारी गांव की मुन्नी देवी पत्नी प्रभुनाथ, रामप्रवेश पुत्र मलहु, प्रभुनाथ, विक्रम व शिवाजी द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया। मना करने पर इन लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामलें में पुलिस ने इन सभी लोगों के खिलाफ सार्वजनिक संपति नुकसान अधिनियम, जान से मारने की धमकी एवं सरकारी आदेश के उलंघन की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल जितेन्द्र सिंह ने बताया कि हल्का लेखपाल संध्या की तहरीर पर केस दर्ज कर की गई हैं।

# चार के विरुद्ध छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। घर घुस कर महिला से छेड़खानी करने और थाने जाने से परिवार के सदस्यों द्वारा रोके जाने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि 25 फरवरी 2022 को वह घर में अकेली सोई थी। उसी दौरान गांव का ही हरिनायन यादव कमरे में घुस गया और रेप की कोशिश करने की कोशिश करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आस पास के लोग एकत्र हो गए यह देख मनबढ़ घर में सो रहे 9 वर्ष के बेटे को बट से मारकर हाथ तोड़ दिया। बच्चे को लेकर कोतवाली जाने के लिए निकली तो हरिनारायण यादव के परिवार के सदस्य उसे रोक लिए। महिला को उसके घर में बंद कर दिए। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। पीड़िता ने न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय ने मामले में सदर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने हरिनरायन यादव पुत्र स्व.रामअवध यादव, विशाल पुत्र हरिनारायण यादव,नीतू यादव पुत्री हरियानायण यादव व मनोरमा यादव पर धारा 323, 504, 506, 354, 325 और 452 में केस दर्ज किया है।

# किशोरी के अपहरण का केस

लार। पुलिस ने एक किशोरी के अपहरण का केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 30 अक्टूबर की रात लगभग 9.45 बजे शौच हेतु शौचालय में गई थी। उसकी मां का आरोप है कि वहीं से गांव का प्रशान्त साहनी पुत्र केदार साहनी व दो अज्ञात लोग जबरन उठा ले गए। किशोरी की माता की तहरीर पर प्रशान्त साहनी एवं दो अज्ञात पर अपहरण की धारा 363 व एससी एसटी एक्ट 3 (2) (भी) आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान हि. 07/11/22

# प्रधान के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

देवरिया। मौनागढ़वा के ग्राम प्रधान व पत्रकार डॉ. जंनार्दन कुशवाहा पर तीन सप्ताह पूर्व हुए प्राण घातक हमले के मामले में मईल पुलिस द्वारा अब तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर आक्रोश जताया है। रविवार को पत्रकारों ने मईल पुलिस से मिलकर चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर हमलावरों की गिरफ्तारी कर घटना का पर्दाफाश नहीं हुआ तो मईल थाने का घेराव व आंदोलन होगा। इस दौरान एनडी देहाती, दिलीप मल्ल, उदय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# हत्या का केस दर्ज

देवरिया। युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामनाथ देवरिया उतरी की रहने वाली अनुराधा त्रिपाठी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई है कि कुछ माह पूर्व वह बीएड की परीक्षा देने के लिए अपने मायके गई हुई थी। इस बीच उसके पति अमित त्रिपाठी की हत्या कर दी गई।

# महिला लेखपाल को जान से मारने की धमकी, मुकदमा

सलेमपुर : रास्ते से अतिक्रमण हटवाने के दौरान महिला लेखपाल को जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। उच्च न्यायालय के आदेश पर वह मनिहारी में तहसीलदार मिश्रीलाल चौहान व अन्य राजस्व टीम के साथ रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिए गई थी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मनिहारी गांव की मुन्नी देवी पत्नी प्रभुनाथ, रामप्रवेश पुत्र मलहु, प्रभुनाथ, विक्रम व शिवाजी पुत्रगण गोपाल के अतिक्रमण को हटाया गया। आरोप है कि अतिक्रमणकारियों ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 07/11/22

# कब्र से निकाला गया महिला का शव

जासं, भटनी, देवरिया: हत्या की आशंका पर पुलिस ने महिला के शव को कब्र से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है।

थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला का दो वर्ष पूर्व 17 वर्ष की उम्र में अपने ही गांव के मुस्लिम युवक से प्रेम हो गया था। वह घर से गायब हो गई थी। नाबालिग होने के कारण पुलिस ने पिता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद किया। किशोरी ने घर जाने से इंकार कर दिया तो बाल गृह भेजा गया। युवक को जेल जाना पड़ा। बाद में बालिग होने पर दोनों ने निकाह कर दिया। पुलिस के अनुसार, वह गर्भवती थी। शनिवार को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर उसे देवरिया के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां आपरेशन से महिला ने बच्ची को जन्म दिया। रविवार की सुबह तबीयत बिगड़ गई तो ससुराल वाले गोरखपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी होने पर महिला के मायके वालों ने पुलिस को हत्या की सूचना दी। पुलिस अलग-अलग संप्रदायों का मामला होने के कारण मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि जाकर कब्र से शव को बाहर निकाला गया।

## चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

देवरिया : कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। शहर के राम गुलाम टोला के रहने वाले मनोज जायसवाल की तहरीर पर यह कार्रवाई पुलिस ने की है। घटना 24 अप्रैल 2018 की है। पीड़ित के छोटे भाई संजय जायसवाल कसया ढाले पर स्थित कोयले की दुकान पर बैठे थे। तभी दुबौली गांव के हरिशरण तिवारी, सत्यम तिवारी व दो अज्ञात लोगों ने मारपीट की। (जासं)

## कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी का मुकदमा

देवरिया : सदर कोतवाली के एक गांव की रहने वाली महिला के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। आरोपितों ने बंदूक के बट से मारकर महिला के नौ वर्षीय पुत्र का हाथ तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपित हरि नारायण यादव, विशाल, नीतू यादव, मनोरमा के विरुद्ध कार्रवाई की है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 07/11/22

# एसडीएम व सीओ ने किया स्नान घाट का निरीक्षण

जासं, भागलपुर: कार्तिक पूर्णिमा को लेकर रविवार को एसडीएम बरहज व सीओ ने भागलपुर के कालीचरण घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर थानेदार को विशेष इंतजाम करने का निर्देश दिया। साफ-सफाई को लेकर ग्राम प्रधान को निर्देशित किया।

कार्तिक पूर्णिमा पर भागलपुर के कालीचरण घाट पर मेला लगता है। साथ ही दूर-दूर से लोग स्नान करने के लिए भी आते हैं। कई दिन पहले से ही लोगों का यहां आना शुरू हो जाता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नदी घाट पर रस्सी बांधने व बल्ली लगाने का निर्देश दिया, जिससे श्रद्धालु नदी में सुरक्षित स्नान कर सकें। पार्किंग इंतजाम करने तथा मुख्य चौराहा और अस्पताल तिराहा, पिंडी तिराहा पर बल्ली से बैरिकेटिंग करने का निर्देश दिया।



भागलपुर के कालीचरण घाट का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ • जागरण

उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी से उत्तर खाली भूमि में ही वाहन पार्किंग होगी। इस दौरान थानाध्यक्ष मईल संदीप सिंह, प्रधानपति बृजभूषण यादव, जिपं सदस्य अरविंद पांडेय, शंभू जायसवाल, संतोष जायसवाल, दिनेश साहनी, धर्मेंद्र यादव मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : कूटरचित दस्तावेज लगाकर जमानत कराने के मामले में एसडीएम ने सख्त कदम उठाया है। एसडीएम की तहरीर पर पुलिस ने वेलकुंडा गांव के जयराम के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मदैना के रहने वाले पूर्व प्रधान चंद्रभान सिंह ने एसडीएम ध्रुव शुक्ला से शिकायत की थी कि वेलकुंडा गांव का एक व्यक्ति फर्जी खतौनी व अन्य दस्तावेज लगाकर संजय प्रसाद नाम के व्यक्ति का जमानत कराया है। इसकी जांच एसडीएम ने कराई तो दस्तावेज फर्जी निकले। (जासं)

## सात के विरुद्ध मुकदमा

सलेमपुर : पांच दिन पूर्व हुए भाजपा सेक्टर प्रमुख को मारने पीटने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के हड़ुआ उर्फ औरंगाबाद के रहने वाले राघवेंद्र पासवान उर्फ चंदन की तहरीर पर हरैया वार्ड के रामचंद्र प्रजापति, अजय, विजय प्रजापति, जुगनू, मनीष, हीरालाल व वीरेंद्र के विरुद्ध मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। (जासं)

अ. उजाला 07/11/22

# एसपी से लगाई न्याय की गुहार

भाटपाररानी। खामपार थाना के ग्राम सवरेजी निवासी विनोद गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के एक व्यक्ति से उसकी भूमि विवाद को लेकर रंजिश चल रही है।

अन्य एक अपरिचित व्यक्ति द्वारा फर्जी ढंग से चार दिन पूर्व देवरिया कोतवाली में उसके पूरे परिवार पर मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया है।

उसने उस व्यक्ति को न तो कभी देखा है और न ही उसे जानता पहचानता है। जिस दिन वादी द्वारा घटना दिखाई गई है, उस दिन वह और उसका मेरा पूरा परिवार सवरेजी घर पर ही था।

उसके 68 वर्षीय वृद्ध पिता बीमार हैं और चारपाई पर पड़े हैं। वे चलने फिरने में असमर्थ हैं। उन्हें भी वादी द्वारा आरोपी बनाया गया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से इसकी जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा फर्जी मुकदमे को समाप्त कराए जाने की मांग की है। संवाद

अमर उजाला दि. 07/11/22

# भाजपा के सेक्टर प्रमुख की पिटाई करने वालों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। भाजपा सेक्टर प्रमुख की पिटाई करने वाले सात लोगों पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। कार्रवाई के बाद पिटाई करने वालों में हड़कंप मच गया है। इस मामले की विवेचना सीओ देवआनंद कर रहे हैं।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हड़आ उर्फ औरंगाबाद निवासी राघवेंद्र पासवान उर्फ चंदन भारतीय जनता पार्टी सेक्टर प्रमुख हैं। आरोप था कि भाजपा नेता अपने दादा के अंतिम संस्कार में किराए की मैजिक से भागलपुर काली चरणघाट पर दाह संस्कार करने गए थे।

वापस लौटते समय हरैया वार्ड में कुछ मनबढ़ों ने उन्हें बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया गया था। इसमें अंदरुनी चोटें आईं और जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया।

जिसका वीडियो क्लिप भाजपा नेता राघवेंद्र पासवान उर्फ चंदन ने सोशल मीडिया पर वायरल कर अपने दल के नेताओं और पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

## पांच दिन पूर्व दाह संस्कार कर वापस लौटते समय हुआ था विवाद

साथ ही चेतावनी दी कि अगर मनबढ़ों पर कार्रवाई नहीं होती है तो वह आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने नगर के वार्ड नंबर आठ हरैया निवासी रामचंद्र प्रजापति, अजय, विजय प्रजापति, जुगनू, मनीष, हीरालाल व वीरेंद्र के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

इसकी विवेचना सीओ देवआनंद कर रहे हैं। सीओ ने बताया कि भाजपा नेता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। इसमें जांच चल रही है।

07/11/22

अमर उजाला दि० 07/11/22

# महिला लेखपाल को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

## मनिहारी गांव में सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटवाने गई थीं

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। हाईकोर्ट के आदेश पर उच्चाधिकारियों के साथ मनिहारी गांव में सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण हटवाने गई महिला लेखपाल को दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में लेखपाल संध्या चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

ब्लॉक के मनिहारी हलके की लेखपाल संध्या चौरसिया ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर वे मनिहारी में तहसीलदार मिश्रीलाल चौहान तथा अन्य राजस्व टीम के साथ रास्ते का अतिक्रमण हटाने गई थीं। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अतिक्रमण हटाया गया।

अतिक्रमण हटाने के बाद उस पर पुनः मनिहारी गांव की मुन्नी देवी, रामप्रवेश, प्रभुनाथ, विक्रम व शिवाजी द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया। मना करने पर लोगों ने जान से मारने की धमकी दी।

लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने सभी लोगों के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान अधिनियम व धमकी तथा सरकारी आदेश के उल्लंघन के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

अमर उजाला दि. 07/11.22

# बरहज थाने पहुंचा खून से लथपथ शख्स हुआ मूर्छित, पुलिस ने कराया इलाज

संवाद न्यूज एजेंसी

**घर के कुछ सदस्यों से मारपीट होना बता रहे लोग**

**हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर**

बरहज। थाने पर रविवार को एक शख्स थाने पहुंचा, जो परिसर में लगे पेड़ के पास मूर्छित हो गया। युवक को पुलिस इलाज के लिए सीएचसी ले गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज आश्रम मार्ग निवासी भीम पुत्र महंगी दोपहर खून से लथपथ हाल में थाने पहुंचा, पर परिसर में पेड़ के समीप गश खाकर गिर गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गंभीर चोट होने के कारण उसके सिर से काफी रक्तस्राव हो रहा था। जिसे देख पुलिस भी सकते में आ गई। पुलिस उसे फौरन इलाज के लिए सीएचसी ले गई।

चिकित्सकों के अनुसार रुपये के लिए घर के सदस्यों से मारपीट होने की बात सामने आ रही है। जिसे रेफर कर दिया गया है।

थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि आपसी मतभेद के कारण मारपीट में सिर में चोट लगने की बात सामने आ रही है। प्रथम दृष्टया घायल युवक का इलाज कराया गया है।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-11-2022

# वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खड्डा। स्थानीय पुलिस ने कस्बे के सुभाष चौक से लड़की के अपहरण के मामले में फरार बिहार निवासी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बिहार के पिपरासी थाना क्षेत्र के ग्राम भिलरवा टोला सवरहा निवासी गोविन्द पुत्र सुकट साहनी खड्डा कस्बा निवासी एक व्यक्ति के घर आता जाता था। इसी दौरान उसने उस व्यक्ति की पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर दो नवंबर को उसका अपहरण कर ले गया। लड़की के परिवार वालों की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपी के खोजबीन में जुट गयी। शनिवार की रात्रि लगभग 11 बजाय मुखबिर के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि अभियुक्त कस्बे के सुभाष चौक पर कहीं जाने के फिराक में खड़ा है। इसकी सूचना मिलते ही एसआई साहब लाल यादव, महिला एसआई प्रिंसी पाण्डेय, सिपाही बृजेश यादव मौके पर पहुंच उसे पकड़ लिया।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर बदला यातायात

## आज और कल नगर से होकर नहीं गुजरेंगे बड़े वाहन, अनदेखी पर लगेगा जुर्माना

**जासं, पडरौना :** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर सोमवार सुबह से मंगलवार दोपहर तक नगर की यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। बदलाव के तहत नगर से होकर बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इसलिए नगर आने से पहले हुए बदलाव की जानकारी कर लें।

कार्तिक पूर्णिमा पर प्रसिद्ध बांसी नदी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करते हैं। स्नान पर नदी किनारे जुटने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे, इसे लेकर नगर में डायवर्जन किया गया है, जिसमें पडरौना से बिहार जाने वाले बड़े वाणिज्यिक वाहन अंबे चौक, खिरकिया, पचफेड़ा होते हुए मधुबनी को जाएंगें। इसी तरह बिहार से पडरौना आने वाले बड़े वाहन गोड़रिया, सेमरा चौराहा से सिधुआ स्थान होते हुए कठकुइयां मोड़ होते हुए अपने गंतव्य को रवाना होंगे। वहीं बांसी मेला स्थान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन सोहरौना प्राथमिक स्कूल बांसी रोड तक ही जा सकेंगे। ये वाहन सड़क किनारे बने पार्किंग स्थल पर पार्क होंगे। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने बताया कि यह बदलाव सोमवार सुबह आठ बजे से अगले दिन मंगलवार शाम चार बजे तक प्रभावी रहेगा। इसका उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बांसी मेला कल, घाट की कराई सफाई

**जासं, मंसाछापर :** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विशुनपुरा ब्लाक के सिंघापट्टी गांव में पौराणिक बांसी नदी के घाट पर हर वर्ष मेला का आयोजन किया जाता है। यूपी, बिहार और पड़ोसी देश नेपाल के हजारों श्रद्धालु स्नान हेतु आते हैं। मंगलवार को लगने वाले मेला की तैयारी में प्रशासन जुटा हुआ है। घाट की सफाई, पथ प्रकाश, शौचालय, पेयजल व वाहन स्टैंड की व्यवस्था की जा रही है। रविवार को एसडीएम सदर महात्मा सिंह ने मेला स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्था में लगे लोगों को आवश्यक निर्देश दिया। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पंडाल बनाए जा रहे हैं। दोपहर दो बजे जायजा लेने पहुंचे एसडीएम सदर ने घाट की सफाई देखी और दुकानों को कतारबद्ध लगवाने के लिए एडीओ पंचायत भगवंत कुशवाहा, सचिव अमरनाथ प्रजापति सचिव व प्रधान प्रतिनिधि भीम सिंह को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित की गयी है। मेला में बड़े वाहनों के प्रवेश वर्जित कर दिया जाएगा। पुलिस की तैनाती के साथ ही मेला समिति की ओर से स्वयंसेवक लगाए जाएंगे। नदी के किनारे बैरिकेडिंग कराई जा रही है, ताकि डुबकी लगाने के दौरान श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी।

# 33 पेटी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



बरामद पिकअप व चालक के साथ पुलिस ● जागरण

- नरकटियागंज बिहार ले जाई जा रही थी शराब की खेप
- तस्कर व पिकअप मालिक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत

**जासं, पडरौना :** नगर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के परसौनी गांव से सटे रेलवे क्रासिंग के समीप रविवार को पिकअप से 33 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया।

टीम ने मौके से एक तस्कर को भी दबोच लिया, जिसकी पहचान मुनीर महतो निवासी कुकुरा थाना नरकटियागंज जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। मामला दर्ज कर पुलिस उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। बरामद शराब की कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। कोतवाल राजप्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ दोपहर एक बजे गश्त पर थे। परसौनी गांव से सटे रेलवे क्रासिंग के समीप बिहार के नंबर लगे पिकअप को दुदही की तरफ जाते देख रोका। तलाशी के दौरान पिकअप में बोरे में छिपाकर रखी गई 33 पेटी अंग्रेजी शराब मिली।

मुनीर महतो ने पूछताछ में स्वीकारा कि वह जिले से शराब की खेप लेकर बिहार के नरकटियागंज जा रहा था। कोतवाल ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर तस्कर को जेल भेज दिया गया। पिकअप मालिक की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीम में दारोगा अमित सिंह, प्रभात कुमार यादव, कांस्टेबल रियाज अहमद, रामबिलास बिंद शामिल रहे।



# कच्ची की दुकानों पर चलता रहेगा अभियान

**जासं, कसया:** जिला आबकारी अधिकारी राजबीर सिंह के निर्देश पर रविवार को कसया के भैंसहा सदर टोला हेतिमपुर में कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया गया। कारवाई के दौरान 40 लीटर कच्ची बरामद की गई। आबकारी टीम ने तीन हजार क्विंटल लहन नष्ट किया। 16 भट्ठियां तोड़ी और कच्ची बनाने वाले सामग्री को भी नष्ट किया।

आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार ने मुकामी थाने में दो अज्ञात धंधेबाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। टीम सुबह करीब आठ बजे मौके पर पहुंची तो धंधेबाजों में हड़कंप मच गया। कच्ची पीने आए लोगों सहित धंधेबाज मौके फरार हो गए। टीम ने जमीन में गाड़े लहन को निकालकर नष्ट किया। कच्ची व बनाने की सामग्री जब्त कर थाने लाई। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि कच्ची का धंधा की भी परिस्थितियों में चलने नहीं दिया जाएगा। प्रतिदिन इनके विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा।

# चोरी की बाइक के साथ लिफ्टर गिरफ्तार

**जासं, सेवरही:** क्षेत्र के बनरहां मोड़ के पास से सेवरही पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक के साथ एक लिफ्टर को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लिफ्टर की पहचान अनिल गुप्ता निवासी वार्ड संख्या 11 सुभाष नगर थाना सेवरही के रुप में हुई। एसओ संजय कुमार मातहतों संग दोपहर में गश्त पर थे। बनरहां मोड़ के पास पुलिस का वाहन देख बाइक सवार युवक तेज गति से तमकुहीराज की तरफ भागने लगा। पीछाकर पुलिसकर्मियों ने उसे रोका। उसके पास बाइक का कागजात नहीं था। उसने स्वीकारा कि बाइक चोरी की है। पुलिस उसे हिरासत में ले थाने ले गई।

कागजी कोरम पूरा कर उसे कोर्ट ले जाया गया। एसओ ने बताया कि बरामद बाइक सेवरही कस्बे से चोरी हुई थी। इसका मुकदमा पंजीकृत है।

## गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**हाटा:** कोतवाली पुलिस ने बाघनाथ तिराहा से गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान सलाउद्दीन अंसारी निवासी ढाढ़ा बुजुर्ग मिया टोला थाना कोतवाली हाटा के रूप में हुई। दारोगा अनुराग यादव सुबह 11 बजे नगर में गश्त पर थे। बाघनाथ तिराहे के समीप बीच पैदल आए संदिग्ध को पकड़ जब तलाशी ली तो उसके पास झोले में गांजा मिला। गांजे की मात्रा 2.1 किग्रा पाई गई।

# तस्कर चला रहे आरी, कर्मचारी निभाते यारी

## नहर की पटरी से काट लिए गए पेड़, कर्मचारी जड़ों को ढक कर मिटा रहा साक्ष्य

**जासं, भुजौली बाजार :** खड्डा रेंज में सिंचाई विभाग के भेड़ी स्केप नहर की पटरी की हरियाली पर इन दिनों तस्कर आरी चलाने में लगे हुए हैं तो विभाग का ही एक कर्मचारी उससे निभाई जा रही यारी की चर्चा भी क्षेत्र में खूब हो रही है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को बताया कि चार दिन पहले जामुन के आठ पेड़ रात में काट लिए गए। विभाग का एक माली, काटे गए पेड़ों की जड़ों को ढक कर और कुछ जड़ को खोद कर निकलवा दिया है, ताकि साक्ष्य मिट जाए।

लोगों ने यह भी बताया कि 25 दिन पहले भेड़ी स्केप की बांयी पटरी के दूसरे पुल के उत्तर जामुन के चार पेड़ तस्करों ने काट लिए थे, हालांकि विभाग दो पेड़ काटे जाने की बात स्वीकार कर रहा है।

पटरी पर एक वर्ष में सौ से अधिक पेड़ कम हो गए हैं। पिछले वर्ष भी यहां से पेड़ काटे गए थे। उनमें से लकड़ी के कुछ बोटों को विभाग के अधिकारियों ने भेड़ी गांव से बरामद किया था। लकड़ी तस्कर भी चिह्नित हो गए थे, लेकिन मामले को दबा दिया गया।

अवैध कटान के सवाल पर वन दारोगा अमित तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में सीसी कैमरा नहीं लगा है कि पेड़ कटने की सटीक जानकारी मिलती रहे। ऐसा है तो दिखवाया जाएगा।



कटान छिपाता कर्मचारी • जागरण



भेड़ स्केप नहर की पटरी पर काटे गए पेड़ की जड़ • जागरण

> कुछ दिन पहले भेड़ी स्केप नहर की पटरी से दो पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी, उसकी जांच चल रही है। इधर पेड़ों की कटान की सूचना नहीं है, इसे दिखवाया जाएगा। विभाग के कर्मचारी की भूमिका की भी जांच होगी।
>
> देवेंद्र कुमार राव, रेंजर खड्डा क्षेत्र

# चोरी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**नेबुआ नौरंगिया:** थाने के नौरंगिया गांव के सदा शिवमणि त्रिपाठी व उनके भाई विनय त्रिपाठी के घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने स्वजन का बयान भी दर्ज किया है। (जासं)

# मंदबुद्धि महिला को परिजनों को सौंपा

**फाजिलनगर।** कस्बे के समउर मोड़ से गायब हुई 65 वर्षीय मंदबुद्धि महिला को पुलिस ने 12 घंटे में ढूंढ़कर परिजनों को सौंप दिया। बिहार के गोपालगंज जिले के थाना फुलवरिया के मगहा गांव निवासी सलीना खातून पत्नी हैदर अली फाजिलनगर में किराये के मकान में रह रहे अपने दामाद के यहां रहती है।

# भाई ने थाने में तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार

**कप्तानगंज।** सोना पाकड़ निवासी एक युवक ने कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। उसने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं आरोपी का एक ऑडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। मामले में पुलिस रविवार को युवक को थाने ले आई। एसएचओ अनिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपी युवक को थाने लाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# बाजार से बाइक चोरी

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गुरवलिया बाजार से शनिवार रात चोरों ने एक बाइक चुरा ली। वाहन स्वामी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। विजयपुर उत्तरपट्टी निवासी परमानंद चौरसिया गुरवलिया बाजार में सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर बाजार में सब्जी खरीदने चले गए। सब्जी खरीद वापस आए तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक नहीं मिली तो उन्होंने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-11-2022

# 16 बोरी खाद संग सात पकड़े गए

बरगदवा। बरगदवा गांव के इंडो-नेपाल सीमा के समीप पुलिस ने रविवार की सुबह सात बाइकों पर लादकर नेपाल ले जाई जा रही 11 बोरी डीएपी व 7 बोरी यूरिया को पकड़ लिया।

थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव व उपनिरीक्षक सूरज राय की टीम ने खाद तस्करी की सूचना पर इंडो नेपाल की सीमा के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नेपाल जा रहे सात तस्करों सहित खाद को पकड़ लिया।

# प्रोफेशनल स्किल से सशक्त बनें पुलिसकर्मी

**बोले एसपी**



एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिसकर्मियो को कार्यशैली में दक्षता लाने के टिप्स दिए।

**महराजगंज, निज संवाददाता।** वर्ष 2015 के बाद पुलिस महकमा में नियुक्त पुलिस कर्मियों की दक्षता में उन्नयन के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुभारम्भ रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में हुआ। अफसरों ने पुलिस कर्मियों को बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक कार्य क्षमता के साथ प्रोफेशनल स्किल बढ़ा सशक्त व सक्षम पुलिस कर्मी बनने का टिप्स दिया।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक सक्षम एवं सशक्त तथा उनके कार्य शैली में दक्षता उन्नयन के उद्देश्य से आयोजित है। पुलिस कर्मियों को सशक्त एवं सक्षम बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि पुलिस कर्मचारियों को स्थिर प्रज्ञ होना चाहिए।

**डीएनए से अपराध विश्लेषण का बताया प्रक्रिया:** कार्यशाला में पुलिस कर्मियों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। गंभीर प्रकरणों में डीएनए परीक्षण किस प्रकार सहायक हो सकता है, इसकी जानकारी दिया। आर्थिक अपराध, कमजोर वर्ग, महिला उत्पीड़न आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

## एडिशनल एसपी ने विवेचना को बेहतर बनाने के तरीके बताए

एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने वीवीआईपी/वीआईपी एवं कानून व्यवस्था से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटियों के दौरान कर्मियों के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में अपराधों में त्वरित कार्यवाही, वैज्ञानिक साक्ष्यों का उपयोग कर, विवेचना को और बेहतर व गुणात्मक तरीके की जानकारी दिया।



रविवार को दरोगा पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्रधानों ने सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर शिकायती पत्र सौंपा। • हिन्दुस्तान

# दरोगा पर प्रधान को कुर्सी से धकेलने का आरोप, किया प्रदर्शन

नौतनवा/अड्डा बाजार, हिटी। नौतनवा के खोरिया पुलिस चौकी पर एक दरोगा पर प्रधान को कुर्सी से धकेलने का आरोप लगा है। ग्राम प्रधान के कुर्सी से गिरते ही मौजूद ग्रामीणों ने चौकी पर हंगामा कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रधान के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण सीओ कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा।

बैरवां चन्दनपुर के गांव में दो महिलाओं का आपसी विवाद हुआ था। इसकी सच्चाई जानने के लिए प्रधान मकसूद आलम को भी पुलिस चौकी बुलाया गया था। प्रधान और एसआई प्रमोद सिंह के बीच महिलाओं का विवाद सुलह हो गया था और प्रधान ने इसी बीच चाय का आर्डर भी कर दिया था। इसी बीच गांव में हुए दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला भी चौकी पर पहुंच गया। प्रधान ने सीओ को दिए तहरीर के जरिए आरोप लगाया है कि मारपीट कर पहुंचे ग्रामीणों को एसआई प्रमोद सिंह चौकी में बुरा-भला कह दिया। इसका ग्राम प्रधान ने विरोध किया। इसी पर सभी की मौजूदगी में प्रधान को कुर्सी से धकेल दिया। सीओ नौतनवां अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। अभद्रता की शिकायत की गई है। 24 घंटे के भीतर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## केन्द्रीय मंत्री और एसपी से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

लक्ष्मीपुर प्रधान संघ अध्यक्ष अखिल चौधरी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। प्रधान संघ का प्रतिनिधि मण्डल एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेगा। वहीं एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से मिलेगा। जिला पंचायत सदस्य रामानुज मौर्य, जिला पंचायत सदस्य अनवर अली, जिला पंचायत सदस्य जमीउल्लाह, भकियू के जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य सुरेश सहानी ने घटना की निन्दा करते हुए एसपी से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# मानव तस्करी को लेकर की गई चर्चा

निचलौल। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, निचलौल के स्वरक्षा (मानव तस्करी रोध) कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस थाना प्रभारी निचलौल आनन्द कुमार गुप्ता के उपस्थिति में किशोर न्याय (देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, मानव तस्करी केस की पहचान व काउंसिल पर रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला निचलौल थाना परिसर में आयोजित की गई।

इस दौरान एसआई अरुण कुमार, हौसला प्रसाद, महिलाकांस्टेबल प्रतिमा, महिला कांस्टेबल किरन, करिश्मा, कंचन, सरिता, अरविंद पाल, विशाल सिंह, श्रीप्रकाश यादव, पिंटू कुमार, मनीषा आदि मौजूद रहे।

# वसूली करने वाला आरोपित गिरफ्तार

सोनौली। भारत से नेपाल जाने वाले वाहनों से रोककर वसूली करने वाले एक युवक को सोनौली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है। रविवार की दोपहर कोतवाल सोनौली कस्बे में गश्त कर रहे थे। जब वह टेम्पो स्टैंड के पास पहुंचे तो देखा एक युवक नेपाल वाले मालवाहक वाहनों को रोक पैसे के लिए नोंक-झोक कर रहा। उन्होंने चालक से कहासुनी कर रहे युवक को पकड़ लिया।

# राज्य कर्मचारियों का धरना आज

महराजगंज। पुरानी पेंशन बहाली सहित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सोमवार को डीएम कार्यालय पर धरना करेगा। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीभागवत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रांतीय संगठन के आह्वान पर 7 नवंबर को धरना के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र डीएम को सौपा जाएगा। उन्होंने आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी राज्य कर्मचारियों को समय से उपस्थित होने की अपील की है।

# सामूहिक प्रयास से रुकेगी मानव तस्करी

**जासं, निचलौल** : थाना परिसर में रविवार को आयोजित मानव तस्करी रोधी कार्यशाला को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी आनंद गुप्ता ने कहा कि मानव तस्करी पर रोक लगाने में जनजागरूकता एवं सामूहिक प्रयास अधिक कारगर है। इसके लिए सभी नागरिकों को जागरूक करना होगा।

बाल कल्याण समिति के पूर्व सदस्य राजेश वर्मा ने पुलिस के दायित्व व कानूनी प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। पीजीएसएस मंडलीय कार्यक्रम समन्वयक अंकित सैमसन ने बाल कल्याण अधिकारी पुलिस के दायित्व व जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए समन्वयक सिस्टर जगरानी ने कहा कि मानव तस्करी बहुत बड़ा अपराध है। इसे रोकने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। जहां कहीं भी इस तरह का मामला देखें तत्काल पुलिस को सूचना दें।

कार्यशाला में श्रवण कुमार, बाल हेल्प डेस्क के अरुण कुमार, मानव तस्करी रोधी थाना के उपनिरीक्षक विशाल सिंह मौजूद रहे।

# 16 बोरी खाद के साथ सात हिरासत में, छह मोटरसाइकिल सीज

**जासं, बरगदवा** : बरगदवा गांव के भारत-नेपाल सीमा के समीप पुलिस ने रविवार को सात मोटरसाइकिल पर लादकर नेपाल ले जाई जा रही 11 बोरी डीएपी व पांच बोरी यूरिया को पकड़ लिया। बरामद सामान को अग्रिम कार्रवाई के लिए ठूठीबारी कस्टम कार्यालय को सिपुर्द कर दिया गया।

रविवार को थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव व उपनिरीक्षक सूरज राय की टीम ने खाद तस्करी की सूचना पर इंडो नेपाल की सीमा के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाकर नेपाल जा रहे सात व्यक्तियों सहित खाद को पकड़ लिया। हिरासत में लिए गए पिपरा गांव निवासी सोनू , राजकुमार , प्रदुम्न तथा बरगदवा गांव निवासी जयकरन , राज, एजाज, रिंकू व साथ मोटरसाइकिल को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम को सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष बरगदवा का कहना है कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर खाद तस्करों पर नकेल कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है ।

# सभी आरक्षी कार्यक्षमता के साथ व्यक्तित्व विकास पर दें जोर

- कानून व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं की दी गई जानकारी
- पुलिस अधीक्षक ने शस्त्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक सक्षम एवं सशक्त बनाने तथा कार्यशैली में दक्षता उन्नयन के लिए पुलिस लाइन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महिला, पुरुष आरक्षियों के बौद्धिक विकास एवं मानसिक व शारीरिक कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास एवं प्रोफेशनल स्किल पर जोर देते हुए सशक्त एवं सक्षम बनने की प्रेरणा दी।



डेमो शस्त्र प्रशिक्षण प्रदर्शनी का अवलोकन करते पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ • जागरण

उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मचारियों को स्थिति प्रज्ञ होना चाहिए, जैसे रथ के पहिये घूमने के बावजूद पहिये की धुरी कभी नहीं घूमती है वह हमेशा स्थिर रहती है, उसी तरह प्रत्येक पुलिसकर्मी का मन एवं भावना होनी चाहिए। जो आसपास की उथल-पुथल के बावजूद स्थिर रह सकें, साथ ही अपना कार्य भावनात्मक ऊर्जा के साथ संपादित कर सकें। उन्होंने वीवीआइपी/वीआइपी एवं कानून व्यवस्था से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटी को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त घटनाओं के दौरान त्वरित कार्रवाई करने के संबंध में बताए। घटनाओं में वैज्ञानिक साक्ष्य, उनके उपयोग, विवेचना को बेहतर व गुणात्मक तरीके से करने, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से पुलिस कर्मियों की दक्षता उन्नयन, फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व एवं अनुसंधान में इनके की जानकारी दी। इससे पहले एसपी ने डेमो शस्त्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्रा, क्षेत्राधिकारी निचलौल सूर्य बली मौर्य, क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील दत्त दुबे, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी अनुरुद्ध पटेल, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार, रीडर एसपी जयदीप वर्मा के साथ-साथ विभिन्न शाखाओं के प्रभारी एवं समस्त थानों से आए हुए महिला, पुरुष आरक्षी एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# 16 बोरी खाद बरामद

**बरगदवा।** भारत-नेपाल सीमा के समीप पुलिस ने रविवार सुबह करीब 10 बजे छह बाइकों व एक साइकिल पर लादकर नेपाल ले जाई जा रही 11 बोरी डीएपी व 7 बोरी यूरिया बरामद की। बरामद सामान को अग्रिम कार्रवाई के लिए ठूठीबारी कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने दी। संवाद

# पुलिस के नाम पर वसूली करने वाला गिरफ्तार

**सोनौली।** भारत से नेपाल जाने वाले वाहनों से वसूली करने वाले एक युवक को सोनौली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है।

रविवार दोपहर कोतवाल सोनौली कस्बे में गश्त कर रहे थे। इस दौरान जब वह टेंपो स्टैंड के पास पहुंचे तो देखा एक युवक नेपाल जाने वाले मालवाहक वाहनों को रोककर पैसे के लिए नोकझोंक कर रहा था। उन्होंने युवक को पकड़ लिया। कोतवाल सोनौली महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मुमताज निवासी सोनौली का चालान कर दिया। संवाद

# मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

**सोनौली।** स्थानीय कस्बे में वाहन जांच के दौरान मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज की गई। क्षेत्र में पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। यह जानकारी सोनौली चौकी प्रभारी मनीषा सिंह ने दी। संवाद

# मानव तस्करी रोकने के लिए किया जागरूक

**निचलौल।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को थाना परिसर में स्वरक्षा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बाल कल्याण समिति के पूर्व सदस्य राजेश वर्मा ने किशोर न्याय अधिनियम एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण के मामले में पुलिस के दायित्व एवं कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी।

## एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

स्वरक्षा कार्यक्रम के इंटरवेंशन ऑफिसर श्रवण कुमार ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर अंकित समसन, सिस्टर जगरानी, इंस्पेक्टर आनन्द कुमार गुप्ता, अरुण आदि मौजूद रहे। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-11-2022

## पिकअप एम्बुलेंस की ठोकर में चालक घायल, केस

**बस्ती** । पिकप व एम्बूलेंस की आमने सामने भिड़न्त में पिकप क्षतिग्रस्त हो गयी तथा उसका चालक घायल हो गया। इस सम्बन्ध में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के पटेल चौक स्थित पिकप संख्या यूपी 51 बीटी 0816 के चालक द्वारा पटेल चौराहा पार करते समय तेज रफ्तार एम्बूलेंस संख्या यूपी 75 एटी 1282 के चालक ने सीधी टक्कर मार दिया। जिससे पिकअ क्षतिग्रस्त हो गयी तथा चालक घायल हो गया। मामले में पिकप संचालक भारत सेठी पुत्र सुखदेव राज सेठी निवासी नांरग रोड ग्राम जिगना पोस्ट मंझरिया थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## पैसे वापस मांगने पर दी गाली, मुकदमा

**बस्ती** । उधार दिये पैसे को वापस मांगने पर आरोपी ने पीड़ित को गालियां देते हुए पैसे वापस करने से इन्कार कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत रामनगर कठौतिया गांव के रहने वाले केशवराम ने मंगल प्रसाद मौर्या को 20 हजार रूपया दिया था। जिसे वापस मांगने पर मंगल प्रसाद तथा राम सवरि ने उसे गालियां देते हुए पैसे देने से इन्कार कर दिया। मामले में पीड़ित केशराम पुत्र प्रमात्मा चौधरी निवासी रामनगर कठौतिया थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मंगल प्रसाद मौर्य पुत्र रामदीन मौर्य निवासी रामनगर कठौतिया थाना सोनहा, रामसवारे के विरुद्ध धारा 406, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## पिटाई में छात्रनेता घायल, मुकदमा

**बस्ती** । एपीएन पीजी कालेज के छात्र संघ अध्यक्ष पद के दावेदार विकास त्रिपाठी पर कुछ लोगो ने हमला कर जख्मी कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में विकास त्रिपाठी के भाई विशाल त्रिपाठी ने पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष को तहरीर देकर कहा है कि उनके भाई पर विमलेश तिवारी दबाव बना रहे थे कि चुनाव में बैठ जाय जब विकास नहीं माने तो चार-पांच साथियों के साथ दक्षिण दरवाजा के पास अचानक हमला बोल दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के अमहरी निवासी विशाल त्रिपाठी ने मामले में दोषियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई और अपने भाई विकास त्रिपाठी के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी विमलेश त्रिपाठी निवासी ऐठी पोस्ट कौड़ी कोल तथा चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## बोलेरो की ठोकर से घायल महिला की मौत

**वाल्टरगंज** । बोलेरो की चपेट में आने से एक महिला गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी तथा उसकी उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मामला वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के औसापुर का है। मिली जानकारी के अनुसार इशरावती देवी पत्नी रामशंकर निवासी औसापुर थाना वाल्टरगंज सड़क से जा रही थी की बस्ती की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में परिजनों ने उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई है। इस संबंध में कृष्ण मोहन पुत्र हन्सु की तहरीर पर वाल्टरगंज थाने में बोलेरो के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाल्टरगंज** । वाल्टरगंज पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। जिसमें एक अभियुक्त शांतिभंग में और दूसरा अभियुक्त वारंटी था। मिली जानकारी के अनुसार वाल्टरगंज पुलिस टीम द्वारा धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी से संबंधित राजदीप यादव उर्फ पिंटू यादव पुत्र राम प्रकट यादव तथा धारा 316, 325 आईपीसी से सम्बन्धित वारण्टी परमानन्द पुत्र गंगासागर निवासीगण मझौवा जगत थाना वाल्टरगंज को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित न्यायालय मे प्रस्तुत कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक संतोष कुमार दुबे, उप निरीक्षक इन्द्रभूषण सिंह, आरक्षी राहुल सिंह एवं आरक्षी प्रमोद कुमार भारती थाना वाल्टरगंज शामिल रहे।

# आटो की ठोकर से साईकिल सवार युवक घायल, केस

**बस्ती** ।कोतवाली क्षेत्र के कटया गांव के पास तेज रफ्तार आटो संख्या यूपी 51 एटी 8053 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्वास्तिक पाण्डेय की साईकिल में ठोकर मार दिया। जिससे स्वास्तिक पाण्डेय गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। आनन फानन में परिजनों द्वारा घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां से मेडिकल कालेज लखनऊ भेजा गया। घटना के बाद आटो चालक मौके से फरार हो गया। मामले में घायल के चाचा सुवाषचन्द्र पाण्डेय पुत्र गुरुशरण पाण्डेय निवासी अनुवा थाना लालगंज की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# सहन पर दरवाजा खोलने से मना करने पर पीटा

**बस्ती** । एक महिला के सहन की जमीन पर आरोपियों द्वारा दरवाजा खोला जा रहा था, जिन्हे मना करने पर महिला को मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानाक्षेत्र के ताड़ीजोत गांव की रहने वाली गीता देवी के सहन की जमीन पर कुछ लोग जबरदस्ती दरवाजा खोल रहे थे। जिन्हे मना किया गया तो गीता देवी को आरोपियों ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता गीता देवी पत्नी कामता प्रसाद पाण्डेय निवासी ताड़ीजोत थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महेन्द्र पाण्डेय उर्फ चिन्टू पुत्र कमला प्रसाद पाण्डेय, विवेकानन्द पाण्डेय पुत्र प्रसाद पाण्डेय निवासीगण ताड़ीजोत थाना लालगंज तथा तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**वाल्टरगंज** । वाल्टरगंज पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी रविवार को किया गया। जिसे कार्यवाही हेतु न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रो के अनुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वाल्टरगंज थाने में धारा 3(1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त घनश्याम पुत्र रामकिशोर निवासी महनुआ थाना सोनहा को जिनवा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मार्ग दुर्घटना में मृतक के परिजनो को बधाया ढाढ़स

**हर्रैया** । तीन दिन पूर्व बिजरा गांव के पास मार्ग दुर्घटना में मृतक तीनो युवको के घर पहुंचकर उपजिलाधिकारी गुलाब चन्द्र ने परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बधाया। उन्होने परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि विगत 3 नवंबर को देर रात हर्रैया थाना क्षेत्र के बिजरा गांव के पास ट्रेलर की चपेट में आने से कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बरहपुर निवासी अंकित उर्फ शिवाकांत मिश्र पुत्र सुभाष चन्द्र, दीपक कुमार पुत्र आशाराम तथा हसवर निवासी रंजीत पुत्र मंगरू प्रसाद की मौत हो गयी थी। परिजनों से मुलाकात कर घटना के बारे मे जानकारी लेते हुए उन्हे ढाढस बधाया गया।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**बभनान।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी 60 वर्षीय सुखराम राजभर पुत्र मोती जो रोज की भांति बकरी चराने अपने गांव के उत्तर स्थित के बिन के पास गये थे जहां पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। देर शाम घर न लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू किया तो केबिन के पास मृत मिले। इसकी सूचना थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह को दी गयी। उन्होंने बताया शव कब्जे में लेकर बिधिक कार्रवयी की जा रही है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर हल्का लेखपाल अरविन्द कुमार पुत्र झिंगुर प्रसाद निवासी बड़ेवन डमरूआ ने आरोप लगाया कि ग्रामसभा लक्ष्मणपुर में गड़ही के लिए संरक्षित भूमि पर आरोपी रवि सोनकर ने मिट्टी डालकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। मामले में वाल्टरगंज पुलिस ने आरोपी रवि सोनकर पुत्र कल्पनाथ सोनकर निवासी नरहरिया थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 2/3 सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाद में युवक की पिटाई, चार नामजद

**बस्ती ।** मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के तुर्कवलिया बरगाह गांव में मामूली बात के विवाद को लेकर घरभरन को आरोपी सतई, लल्लू, राम ललित व जगदीश ने गालियां देते हुए लाठी डण्डे से मारापीटा तथा जान से मारने की भी धमकी दी। मामले में पीड़ित घरभरन पुत्र संतू निवासी तुर्कवलिया बरगाह थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सतई पुत्र धनई, लल्लू रामललित पुत्रगण सतई, जगदीश पुत्र राम अचल निवासीगण तुर्कवलिया बरगाह थाना मुण्-डेरवा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पारिवारिक विवाद को लेकर महिला की पिटाई, केस

**बस्ती ।** लालगंज थानाक्षेत्र के खखरा अमानाबाद के गोसाईपुरवा निवासिनी सुषमा गोस्वामी ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर यह आरोप लगाया कि पारिवारिक वाद विवाद को लेकर उसके पति गंगा गोस्वामी तथा परिवार के अन्य लोगो द्वारा गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी सास सुशीला देवी पत्नी रामपाल गोस्वामी, ससुर रामपाल गोस्वामी पुत्र राम आसरे गोस्वामी, देवर चन्दन गोस्वामी पुत्र रामपाल गोस्वामी तथा पति गंगा गोस्वामी पुत्र रामपाल गोस्वामी निवासीगण खखरा अमानाबाद गोसाईपुरवा थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 507 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आठ अभियुक्तों पर गुण्डा अधिनियम की कार्यवाई

**बस्ती ।** जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुरानी बस्ती पुलिस ने आठ लोगो पर गुण्डा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने क्षेत्र के आनन्द पुत्र राजेन्द्र, सागर पुत्र लल्लू सोनकर निवासीगण चाई पुरवा थाना पुरानी बस्ती, मोहम्मद वारिस पुत्र अब्दुल हकीम निवासी जामा मस्जिद मंगल बाजार थाना पुरानी बस्ती, शिव कुमार पुत्र खेताउ सोनकर निवासी बरसू मोहल्ला थाना पुरानी बस्ती, दिलीप कुमार पुत्र गणपति निवासी बागडीह थाना पुरानी बस्ती, अनुराग पटेल उर्फ अनुज पुत्र गुलाब चन्द्र निवासी रसूलपुर थाना पुरानी बस्ती, संदीप पुत्र जमुना प्रसाद, राहुल पुत्र हरिश्चन्द्र निवासीगण खजवा थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध 3/4 गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तगणो द्वारा क्षेत्र में रहकर समाजविरोधी कार्यों के साथ ही अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए अपराध को अंजाम देते थे, जिससे यह कार्यवाही की गयी।

# मार्ग दुर्घटना में मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**बस्ती ।** एसीजेएम द्वितीय अर्पिता यादव की अदालत ने ट्रैक्टर चालक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश प्रभारी निरीक्षक छावनी को देते हुए अनुपालन आख्या सात दिन के अन्दर प्रस्तुत करने को कहा है। थाना क्षेत्र बलुआ रूदनी गांव निवासी रमन देवी ने अधिवक्ता अरविन्द कुमार चौधरी के जरिए अदालत में अर्जी देकर कहा कि 7 जून को बेटे सतीश तिवारी व मनीष के साथ पैदल बेटी के बिदाई का सामान लेने छावनी बाजार जा रही थी। रास्ते में कुण्डा कुवंर प्राइमरी पाठशाला के पास ट्रैक्टर नम्बर यूपी 51 एवी 1314 के अज्ञात चालक ने सतीश तिवारी को ठोकर मार दिया जिससे सतीश को काफी चोटे आयी थी। ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भाग गया। जिसको मेडिकल कालेज लखनऊ में भर्ती कराया गया। कुछ ठीक होने पर घटना की सूचना थाने पर देने गयी तो थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। न्यायाधीश ने मामले की गम्भीरता को देखते मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है।

# फरार वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बस्ती ।** जिले की पुरानी बस्ती पुलिस ने वारंट जारी होने के बाद कई दिनों से फरार चल रहे अपराधी की गिरफ्तारी रविवार को कर ली गयी। जिसे पुलिस हिरासत में लेते हुए न्यायालय भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रविवार को माननीय न्यायालय परिवार न्यायालय फैजाबाद से संबंधित धारा 125(3) आईपीसी का अपराधी लियाकत अली पुत्र मुजीबुल्लाह निवासी मंगल बाजार थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किये जाने की कार्यवाही की गयी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता हसीना बानो बनाम लियाकत अली द्वारा माननीय न्यायालय परिवार न्यायालय फैजाबाद में वाद दाखिल था। न्यायालय द्वारा आरोपी के विरुद्ध वारंट जारी किया गया। जिसके अनुपालन में आरोपी की गिरफ्तारी किया गया है।

# युवा संवाद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**हर्रैया ।** कस्बे के एक होटल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री कुंवर आनंद सिंह द्वारा युवा संवाद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात सर्जन डॉ दीनानाथ पटेल तथा विशिष्ठ अतिथि विकासकान्त पाण्डेय रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा देश तथा नगर पंचायत हर्रैया के विकास के संदर्भ में युवाओं के कत्वर्य एवं भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया गया। आयोजक द्वारा हर्रैया परिक्षेत्र में समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने वाले लोगो को स्मृत चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन डीपीए सिंह एवं संचालन विवेक कान्त पाण्डेय ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुभाष त्रिपाठी, मोहम्मद सहजाद, मुकुल प्रताप पाण्डेय, डॉ कौशल किशोर त्रिपाठी, पूर्व नपं अध्यक्ष कुंवर ध्रुव नरायन सिंह, वासुदेव चौधरी, ठाकुर प्रसाद, राजेन्द्र श्रीवास्तव, बृजेश यादव आदि मौजूद रहे।

# वादी संवाद दिवस सम्पन्न

**छावनी ।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में वादी संवाद दिवस का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष ने वादीगणों से उनके द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के बारे में जानकारी हासिल किया। साथ ही विवेचको से प्रगति रिपोर्ट मांगा। इस मौके पर रमाकांत यादव, नंदलाल सरोज, रामफल चौरसिया, राजनाथ प्रसाद आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मरीज रेफर करने को कहा तो तीमारदार की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** प्राईवेट अस्पताल में एक युवक के मां का गलत तरीके से इलाज करने तथा अस्पताल से रेफर करने के लिए कहने पर कुछ लोगो ने जाति सूचक गालियां देते हुए घर में घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत हरदिया चौराहा स्थित पटेल हास्पिटल में संदीप कुमार अपनी मां का उपचार कराने के लिए गये थे। जहां पर चिकित्सको द्वारा सन्तोषजनक उपचार की सेवा न देने पर संदीप ने अपने मरीज को रेफर करने के लिए कहा। जिसपर अस्पताल के रामशंकर, अशोक चौधरी तथा रामू यादव तथा कुछ अन्य लोगो ने मिलकर संदीप को जाति सूचक गालियां देते हुए अस्पताल से भगा दिया तथा बीते 30 अक्टूबर की सुबह घर के अन्दर घुसकर संदीप व उसके परिवार वालो को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी।

मामले में संदीप पुत्र रामजीत निवासी हरदिया बुजुर्ग थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामशंकर पुत्र श्रीराम निवासी खोराखार थाना कोतवाली, अशोक चौधरी पुत्र परशुराम निवासी डिड़ौहा थाना कोतवाली, रामू यादव निवासी चमरौहा सियरापार थाना कोतवाली व तीन अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 147, 504, 323, 452, 506 आईपीसी व 3(1)द, 3(2)5ए एससी/ एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गो तस्करी में प्रयुक्त पिकअप को पुलिस ने किया जब्त

**बस्ती** । पुरानी बस्ती पुलिस ने गोतस्करी में प्रयुक्त पिकप वाहन के विरुद्ध जब्तीकरण की कार्यवाही किया है। यह कार्यवाही जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर किया गया। गो तस्करी के दौरान पुरानी बस्ती थाने की पुलिस द्वारा वाहन स्वामी अनुप पुत्र सत्यदेव निवासी मिर्जवाबाबू थाना चौरीचौरा जनपद गोरखपुर का वाहन संख्या यूपी 53 जीटी 5683 कोअपने कब्जेमें लिया था। जिसे रविवार को गोवध निवारण अधिनियम 2020 की धारा 5क की उपधारा 7 के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस दौरान थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती के अलावा मुख्य आरक्षी ऋषिकेश त्रिपाठी, आरक्षी रामजनम यादव थाना पुरानी मौजूद रहे।

# पिकअप चोरी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती** । एक पिकअप पर चोरो की नजर गड़ी और मौके का फायदा उठाते हुए वह उसे चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के कस्बा स्थित मन्दिर के पास बलिन्दर यादव अपनी बोलेरो पिकप संख्या यूपी 51 एटी 7513 को खड़ी किये थे। इसी बीच रात में अज्ञात चोर उनकी गाड़ी को चोरी कर फरार हो गये। मामले में वाहन स्वामी बलिन्दर यादव पुत्र भृगुनरायन यादव निवासी सरैया महन्त पट्टी थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क पार कर रही महिला की दुर्घटना में मौत, केस

**बस्ती।**

**सहारा न्यूज ब्यूरो।**

सड़क पार कर रही महिला तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतका के बेटी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र की बैरिहवा निवासिनी गुड़िया अपनी मां ननकू देवी पत्नी बनारसी के साथ लखनऊ से घर आ रही थी। दोनो मूड़घाट स्थित बस से उतर कर सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान अचानक आयी तेज रफ्तार वाहन ने ननकू देवी को ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। मामले में मृतका की बेटी गुड़िया पत्नी विनोद कुमार निवासी धोबी टोला बैरिहवा थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि सोनहा थाने के महनुआ निवासी घनश्याम के खिलाफ चोरी व अन्य धाराओं में कप्तानगंज, गौर और हर्रैया थाने में मुकदमे पंजीकृत हैं। इसी साल वाल्टरगंज पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 3(1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। वांछित आरोपी को जिनवा चौराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

# हॉस्पिटल में गलत इलाज का आरोप, घर में घुसकर मारपीट

## जांच शुरू

- कोतवाली के हरदिया चौराहे पर स्थित अस्पताल का मामला
- घर जाकर परिवार वालों को पीटा, आधा दर्जन पर मुकदमा

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के हरदिया चौराहा स्थित पटेल हॉस्पिटल में गलत इलाज करने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि हरदिया बुजुर्ग निवासी संदीप की तहरीर पर इसी थाने के खोराखार निवासी राम शंकर, अशोक चौधरी निवासी डिड़ौहा थाना कोतवाली, रामू यादव निवासी चमरौहा सियरापार व तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हरदिया बुजुर्ग निवासी संदीप ने तहरीर देकर बताया है कि वह अपनी मां का इलाज कराने के लिए हरदिया चौराहे के पास स्थित पटेल हास्पिटल में गए थे। आरोप है कि वहां उनकी मां का डॉक्टर और स्टाफ के लोग गलत इलाज कर रहे थे। यह देख जब संदीप ने दूसरे अस्पताल में रेफर करने को कहा तो उन्हें जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपशब्द कहा गया। इसके अगले दिन रात करीब नौ बजे इसी बात को लेकर आधा दर्जन लोग उसके घर पहुंच गए और घर में घुसकर मारापीटा। बीच-बचाव में जो आया, उसे भी मारापीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस के अनुसार 29 अक्टूबर की बताई गई घटना में आईपीसी 147, 504, 323, 452, 506 व एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे एसडीएम

कप्तानगंज। फोरलेन पर दो दिन पूर्व सड़क हादसे में मृत हुए तीन युवकों के परिजनों के बीच रविवार को एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद मृतकों के घर बरहपुर और हसऊर पहुंचे। परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। राजस्व कर्मियों से रिपोर्ट तलब की गई है। इस दौरान होनहार युवकों को खोने का ग़म गांव में छाया रहा। पंचकोसी परिक्रमा में एक बाइक से अयोध्या जाते समय तीनों दोस्तों को हर्रैया में ट्रेलर ने रौंद दिया था। अंकित उर्फ शिवाकांत, रंजीत गौड़ और दीपक की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# 104 बार चालान, 8 लाख बकाया फिर भी दौड़ रही बस

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। यातायात माह में भी मनमानी तरीके से वाहन सड़कों पर दौड़ रहे। रविवार को कप्तानगंज में बिहार से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस तकनीकी खराबी से खड़ी हो गई। लोगों ने बस का ऑनलाइन चालान देखा तो 104 बार चालान और आठ लाख रुपये बकाया दिखा। बाद में बस दिल्ली के लिए रवाना हो गई।

ऑनलाइन कागजात जांच में देखा गया कि 2019 से बस का बिहार से दिल्ली तक विभिन्न जगहों पर 104 बार चालान हुआ है। बकाया भी है, बाजवूद इसके सड़क पर दौड़ रही है। इसके पूर्व भी कप्तानगंज पुलिस ने 103 चालान व चालान व टैक्स का 10 लाख रुपये बकाएदारी में एक वर्ष पहले एक बस को पकड़ा था। कई महीने तक बस थाने में खड़ी रही।



कप्तानगंज में खड़ी डबल डेकर बस।

वैसे हाइवे पर रोजाना दो दर्जन से अधिक डबल डेकर बस फर्राटा भरती हुई दिखती है। जिम्मेदार इन वाहनों पर कार्रवाई करने में फेल साबित हो रहे हैं। यातायात माह भी चल रहा, लेकिन इस बस पर न यातायात कर्मी की नजर पड़ रही है न ही परिवहन विभाग की।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर मारपीट में मुकदमा

**जासं, बस्ती :** कोतवाली के अमहरीर निवासी विशाल त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि चार नवंबर को उनके भाई विकास को एपीएनपीजी कालेज में छात्रसंघ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने को लेकर विपक्षियों ने मारपीट कर जान की धमकी दी। पुलिस ने विम्लेश तिवारी निवासी ऐंठी पोस्ट कौड़ीकोल व चार-पांच अन्य अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

# दहेज उत्पीड़न में तीन पर केस

**जासं,बस्ती :** हर्रैया पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। फातमा बानो ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज की बात को लेकर मारापीटा गया। अपशब्दों का प्रयोग कर जानमाल की धमकी दी गई। थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि इसी थाने के चेफवा बाजार निवासी आरोपी पति शहजाद, सास खातुन्निशा और ननद साजिदा के खिलाफ डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# किशोरी संग दुष्कर्म, मुकदमा

**बस्ती :** परशुरामपुर पुलिस ने एक किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी के साथ आरोपित ने मई 2022 में दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। इसके बाद फिर नवंबर में दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित पर केस दर्ज कर 17 वर्षीय बाल अपचारी को संरक्षण में ले लिया गया है। (जासं)

# प्रतिकूल प्रविष्टि पर नाराज शिक्षकों ने दी धरने की चेतावनी



प्रेसक्लब में बैठक को संबोधित करते उदयशंकर शुक्ल व अन्य ● जागरण

**जासं, बस्ती :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में पदाधिकारियों व शिक्षकों की बैठक प्रेस क्लब सभागार में हुई। कुदरहा विकास खंड के खंड शिक्षाधिकारी धीरेन्द्र तिवारी द्वारा वार्ता करने गये संघ पदाधिकारियों के साथ अभद्रता करने और पदाधिकारियों के विरुद्ध बीएसए को पत्र लिखे जाने के बाद कार्रवाई का मुद्दा छाया रहा। शिक्षकों ने आंदोलन की चेतावनी दी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि खंड शिक्षाधिकारी के विरुद्ध मामले में कार्यवाही की जगह बीएसए ने पदाधिकारियों के विरुद्ध बिना तथ्यों को जाने एकतरफा प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर दिया। इस कार्यवाही के विरोध में संगठन का प्रतिनिधिमंडल सात नवंबर को बस्ती आ रहा है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा को ज्ञापन देकर खण्ड शिक्षाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि खंड शिक्षाधिकारी निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों को जानबूझकर धन उगाही की नीयत से उपस्थित रहने के बावजूद अनुपस्थित कर देते हैं। खेलकूद के नाम पर समस्त अध्यापकों से अवैध वसूली कराई जाती है। शिक्षक इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। निर्णय लिया गया कि शिक्षकों के उत्पीड़न के विरोध में 10 नवंबर को बीएसए कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। जब तक कुदरहा के शिक्षकों को दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि वापस नहीं लिया जाता जब तक चरणबद्ध ढंग से आंदोलन जारी रहेगा। अखिलेश मिश्र, राघवेन्द्र सिंह, शैल कुमार शुक्ल, विजय प्रकाश चौधरी, महेश कुमार, दिवाकर सिंह, चन्द्रभान चौरसिया, कृष्ण कुमार चौधरी, विनय कुमार, रामपाल वर्मा, राजेश कुमार, भैयाराम, राजेश चौधरी, विवेकानन्द चौरसिया, राजेश, सरिता पांडेय, दिवाकर यादव, रामभरत वर्मा, विजय प्रताप वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# चोरी के तीन मामलों में केस

बस्ती : सोनहा व कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की तीन घटनाओं में मुकदमा दर्ज किया है। 18 अक्टूबर को भागवत मार्केट जनता होटल के पास नगर थाने के कुसमौर निवासी संतोष कुमार ने बाइक खड़ी की थी, जो चोरी हो गई। दुबौलिया के विशुनदासपुर निवासी रजनीकांत सिंह ने तहरीर देकर बताया कि 13 सितंबर को पटवा इंटरनेशनल स्कूल गेट पर खड़ी उनके रिश्तेदार सौरभ सिंह की बाइक चोरी कर ली गई। कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थानां के सरैया महन्त पट्टी निवासी बलिन्दर ने बताया है कि सोनहा मंदिर के पास उनकी बोलेरो नौ सितंबर को चोरी हो गई। (जासं)

# पूर्व विधायक रवि सोनकर के खिलाफ केस दर्ज

**जासं, बस्ती :** सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के आरोप में महादेवा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक रवि सोनकर के खिलाफ वाल्टरगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसडीएम भानपुर की आदेश पर हल्का लेखपाल ने पुलिस को तहरीर दी। भानपुर तहसील के हल्का लेखपाल अरविन्द कुमार ने तहरीर में बताया कि पूर्व विधायक आदि ने गड़ही गाटा संख्या 300 को पाटने का प्रयास किया था, जिससे उन्हें मना किया गया था। इसके बावजूद दो नवंबर 2022 की रात में मिट्टी डालकर सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाया गया, जो नियम विरुद्ध है। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गो तस्करी में प्रयुक्त वाहन हुआ जब्त

**बस्ती :** डीएम प्रियंका निरंजन के आदेश पर रविवार को पुरानी बस्ती पुलिस ने गो तस्करी के आरोप में धरपकड़ के दौरान बरामद पिकअप के जब्तीकरण की कार्रवाई की। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बरामद पिकअप गोरखपुर जनपद के चौरीचौरा के मिर्जवाबाबू निवासी अनूप के नाम पर रजिस्टर्ड है। वाहन के साथ पकड़े गए आरोपित सहजान और आदित्य मौर्या के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत थाना पुरानी बस्ती में मुकदमा दर्ज किया गया था। (जासं)

# वादी संवाद दिवस में रूबरू हुए विवेचक

छावनी, बस्ती : छावनी थाना परिसर में रविवार को वादी संवाद दिवस मनाया गया। जहां पर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए फरियादियों ने अपने मुकदमे की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी ली। वादी संवाद दिवस में मामलों की वास्तविक स्थिति से सभी मुकदमों के वादी वाकिफ हुए। अपने-अपने मामलों की सभी ने पैरवी की। थाना अध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडे, उप निरीक्षक वीरेंद्र यादव, रमाकांत यादव, नंदलाल, सरोज, रामफल चौरसिया समेत सभी विवेचक लंबित मुकदमों की आख्या सहित मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि जो वादी किसी कारण से असंतुष्ट रहे उनके मामले में निष्पक्षता से काम करने का भरोसा दिया गया।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार

**बस्ती।** थाना वाल्टरगंज पुलिसने गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

यह जानकारी थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह ने दी। बताया कि सोनहा थाने के महनुआ निवासी घनश्याम के विरुद्ध उप्र गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। रविवार को सुबह जिनवा चौराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# पशु तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी जब्त

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने पशु तस्करी में इस्तेमाल की गई पिकअप गाड़ी को डीएम प्रियंका निरंजन के आदेश पर रविवार को जब्त कर लिया।

थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बरामद गाड़ी गोरखपुर जनपद के चौरीचौरा के मिर्जवा बाबू निवासी अनूप के नाम पर पंजीकृत है।

**चौरीचौरा के रहने वाले अनूप का है वाहन**

**पुरानी बस्ती थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा**

मुकदमे की विवेचना के दौरान अनूप का नाम प्रकाश में लाया गया था। डीएम स्तर से गोवध निवारण (संशोधन) अधिनियम की धारा के तहत निर्गत आदेश के क्रम में वाहन को जब्त किया गया है। पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने 26 जनवरी 2022 को हड़िया चौकी क्षेत्र में एक पिकअप को पकड़कर दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पिकअप में चार पशु लादे गए थे।

वाहन के साथ पकड़े गए आरोपी सहजान और आदित्य मौर्या पर गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

बरामद वाहन के जब्तीकरण के लिए पूर्व में रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। डीएम कोर्ट स्तर से 16 सितंबर को इस संबंध में आदेश जारी किया गया था। संवाद

# एसडीएम के आदेश पर पूर्व विधायक पर मुकदमा

**बस्ती।** महादेवा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रवि सोनकर पर वाल्टरगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसडीएम भानपुर के आदेश पर हल्का लेखपाल ने थाने में तहरीर दी थी।

पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। भानपुर तहसील के हल्का नंबर 90 के लेखपाल अरविंद कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पूर्व विधायक रवि सोनकर आदि ने गड़ही गाटा संख्या 300 को पाटने का प्रयास किया था।

मना करने के बावजूद दो नवंबर की रात मिट्टी पटाकर सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाई। संवाद

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत तीन पर केस

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज किया है। फातमा बानो ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज की बात पर पीटा गया। अपशब्दों का इस्तेमाल कर जानमाल की धमकी दी गई। थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि इसी थाने के चेफवा बाजार निवासी आरोपी पति शहजाद, सास खातुन्निशा और ननद साजिदा पर डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

# चोरों ने दो बाइकें उड़ाईं

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी की दो घटनाओं में केस दर्ज किया है। 18 अक्टूबर को भागवत मार्केट जनता होटल के पास नगर थाने के कुसमौर निवासी संतोष कुमार ने अपनी बाइक खड़ी की थी, जो चोरी हो गई। इसी तरह दुबौलिया के विशुनदासपुर निवासी रजनीकांत सिंह ने तहरीर देकर बताया है कि 13 सितंबर को पटवा इंटरनेशनल स्कूल गेट पर खड़ी उनके रिश्तेदार सौरभ सिंह की बाइक चोरी कर ली गई। संवाद

# छात्रसंघ चुनाव में विवाद पर मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने छात्रसंघ चुनाव की बात पर हुए विवाद में मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। कोतवाली के अमहरीर निवासी विशाल त्रिपाठी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि चार नवंबर को उनके भाई विकास त्रिपाठी को एनपीएनपीजी कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का चुनाव लड़ने पर विपक्षियों ने पीटकर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने विमलेश तिवारी निवासी ऐठी पोस्ट कौड़ीकोल व चार-पांच अन्य अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# तीमारदार ने लगाया पिटाई का आरोप, केस दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली क्षेत्र के हरदिया चौराहा स्थित एक हास्पिटल में गलत इलाज करने और बाद में तीमारदारों से उनके घर जाकर विवाद करने के मामले में पुलिस ने रविवार को केस दर्ज किया। घटना 29 अक्तूबर की है।

हरदिया बुजुर्ग निवासी संदीप ने तहरीर में लिखा है कि वह अपनी मां का इलाज कराने के लिए हरदिया चौराहे के पास एक हास्पिटल में गए थे। आरोप है कि वहां उनकी मां का डॉक्टर और स्टाफ के लोग गलत इलाज कर रहे थे।

यह देखकर संदीप ने दूसरे अस्पताल में रेफर करने के लिए। उस पर अस्पताल के लोगों जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अपमानित किया।

अगले दिन आरोपी उनके घर पहुंच गए और घर में घुसकर पीटा।

उन्हें जो छुड़ाने पहुंचा, उसे भी पीटा गया। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि संदीप की तहरीर पर इसी थाने के खोराखार निवासी राम शंकर, अशोक चौधरी निवासी डिड़ौहा थाना कोतवाली, रामू यादव निवासी चमरौहा सियरापार व तीन अन्य अज्ञात पर केस दर्ज करके तफ्तीश की जा रही है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-11-2022

# सैकड़ों बोरी खाद भेजी जा रही नेपाल

**परसा (एसएनबी)** ।भारत नेपाल सीमा पर रोज सैकड़ों बोरी डीएपी और युरिया तस्करी कर नेपाल भेजी जा रही है जिससे आने वाले दिनों में सीमाई क्षेत्र में एक बार फिर पिछले साल की तरह खाद संकट खड़ा हो सकता है।

भारत नेपाल सीमा से सटे ढेंबरुआ व शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नजदीकी तुलसियापुर,केवटली,सिसवा, आखेरैइया, गणेशपुर, ढेबरुआ,झुलनीपुर आदि चौराहों से रोज सैकड़ों बोरी खाद तस्करी कर नेपाल भेजी जा रही है द्य नेपाल में बैठे खाद तस्कर कैरियर के माध्यम से भारतीय बाजार से 350 से 400 रुपये प्रति बोरी यूरिया को नेपाल में 800 रुपये से 1000 रुपये बोरी और डीएपी1400 रुपये बोरी की खाद नेपाल में 1700 रुपए से 2000 रुपये बोरी बेंचकर अच्छा खासा कमाई करते हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था को चूना लगा रहे हैं। भारत से नेपाल खाद ले जाने के लिये कोटिया, बसन्तपुर, लोहटी,बनचौरा, बगही, सेमरहवा, धनौरी, कल्लनडिहवा, घरुवार से जाने वाले पगडण्डी रास्तों से कैरियर उसे ले जाकर बार्डर से सटे गांव में डम्प करते हैं और फिर मौका देख नेपाल पहुंचा देते हैं द्य तुलसियापुर से महादेव, बगही, सेमरहवा, बसन्तपुर होकर नेपाल जाने वाले रास्तों एवं घोरही नदी के किनारे से अक्सर टेम्पो, मोटरसाइकिल एवं साइकिल पर कैरियर खाद ढोतें देखे जा सकते हैं लेकिन स्थानीय पुलिस सहित सीमा पर तैनात अन्य सुरक्षा एजेंसी उसे रोक पाने में अक्षम साबित हो रही हैं द्य और इसी तरह से खाद की तस्करी जारी रही तो आने वाले समय में भारत के सीमायी क्षेत्र में फिर खाद संकट खड़ा हो सकता है।

# यातायात माह के साथ ही सड़क माह भी चलना चाहिए

**सिद्धार्थनगर।** यातायात माह चलाया जा रहा है। लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। मसलन दुपहिया वाहनों के चलाने वाले हेलमेट जरूर लगाएं। तीन लोगों को कदापि न बैठाएं। चारपहिया वाहनों के चालक व अगली सीट पर बैठने वाले सीट बेल्ट जरूर लगाएं, संकेतक का ध्यान जरूर दें। मदिरापान करके वाहन कत्तई न चलायें। यातायात नियमों का पालन जरूर करें और दुर्घटना से बचें क्योंकि इन दुर्घटनाओं में अक्सर जान चली जाती है। इस साल अब तक करीब सौ लोग दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं। जिससे घर वालों पर आफत आ चुकी है। कई परिवार बर्बाद हो चुके है। गति नियंत्रण में रखे।गाड़ियों के इंडिकेटर जरूर ठीक रखे और जरूरत के मुताबिक प्रयोग करें। लोगों की सर्वाधिक जान सड़क दुर्घटना में ही जाती है। हाँ, पुलिस जुर्माना वसूल कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती हैं और कर भी क्या सकती है।दरअसल जुर्माना वसूलना एक तरह का भय पैदा करना होता है ताकि वाहन चलाने वाले नियमों का पालन जरूर करें और जान की कीमत व महत्व समझें।जान है तो जहान है।

**सड़क माह**

सबसे बड़ी जरूरत सड़क माह मनाए जाने की है,तभी दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अपने जिले को ही लें। जिला मुख्यालय से उसका मार्ग अर्थात एनएच730 की दशा इतनी खराब है कि शब्दों में बयाँ करना कठिन है। दस से बारह किलोमीटर लंबे मार्ग की दशा इस कदर खराब हैं कि सैकड़ों गड्ढ़े मार्ग में बने हुए है। यह अति महत्वपूर्ण मार्ग है और जिले को गोरखपुर जिले से जोड़ती है। इस मार्ग पर अनगिनत वाहनों का आवागमन होता है।सड़क में गड्ढ़े होने की बात कहने के बजाय गड्ढों में सड़क होने की बात कहना ज्यादा उचित होगा। इसके लिए दोषी आखिर कौन है। जिला प्रशासन,या कार्यदायी संस्था या सरकार। इसी रास्ते से सभी गुजरते हैं, लेकिन आवाज कोई नहीं उठाता है। डीएम हो या एसपी, या एमपी हो या एमएलए सभी चुप ही रहते है और जान गँवाते है आम नागरिक। आम आदमी की बात नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह जाती है। ऐसे में सड़क दुर्घटना को रोकना महज मजाक बनकर रह जाता है। सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए सड़क का अच्छा होना नितांत आवश्यक है।ऐसे में लोगों की जान बचाने के लिए सड़कों को ठीक बनाया जाय। यह तो महज एक उदाहरण था, जिले में सौ से अधिक सड़कें जर्जर हालत में है। बाढ़ ने जिले में सड़कों को चौपट कर दिया है।

**अंततः**

जिले में आजकल खेल व महोत्सव की तैयारियों की बैठक चल रही है। दोनों अच्छी बात है। कपिलवस्तु महोत्सव इस बार स्थापना दिवस मनाया जायेगा, खुशी की बात है। महोत्सव पर हम संकल्प ले कि जिले को सर्वसुविधा सम्पन्न बनाएं।

# वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में देरी न करें थानेदार: एसपी

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** पुलिस लाइन स्थित सभागार मेंआयोजित क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने अपराध व अपराधियो पर प्रभावी नियत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया।

**क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने अपराधियो पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने का दिया निर्देश**

कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने अपरेशन शिंकजा के तहत चिन्हित किये गए अपराधियों को न्यायालय में पैरवी कराकर सजा दिलाने का निर्देश दिया।इस दौरान महत्वपूर्ण अपराधों व निरोधात्मक कार्यवाही के तीन वर्ष का तुलनात्मक समीक्षा किया तथा वांछित ध्पुरुस्कार घोषित अपराधियो की शतप्रतिशत गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक ने गैंगेस्टर एक्ट के अतिरिक्त लंबित एसआर केस व पार्ट पीआई की समीक्षा किया तथा विगत 5 वर्षो में संपत्ति से सम्बंधित अपराधो में नामजदध्प्रकाश में आये हुए अभियुक्तो का सत्यापन कराकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक ने सभी थानेदारों को यह निर्देश दिया कि थांनो पर फरियाद लेकर आने वाले पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सनुवाई करे,उनके साथ अच्छा व्यवहार करें।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ,सीओ सदर अखिलेश वर्मा,सीओ डुमरियागंज राणा महेंद्र प्रताप सिंह,सीओ बासी, शोहरतगढ सभी थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।



क्राइम मीटिंग में थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश देते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द

# एसपी ने दिए शांति व्यवस्था बनाने के निर्देश

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद ने शनिवार की शाम पुलिस लाइंस सभागार में अफसरों संग बैठक कर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व शांति-व्यवस्था बनाए रखने को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने शीतकालीन ऋतु को देखते हुए अपराध नियंत्रण के लिए कार्योजना बनाने का निर्देश दिया।

# पांच किसानों से हड़पे 21 लाख, केस

## कार्रवाई

गोल्हौरा, हिन्दुस्तान संवाद। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के पांच किसानों का जालसाजों ने धान, गेहूं उधार लेकर 21 लाख रुपये हड़प लिए हैं। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार की शाम पति-पत्नी व उनके दो बेटों के खिलाफ केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

गोल्हौरा थाना क्षेत्र के बभनी गांव निवासी किसान संतराम पुत्र स्व. टिमाली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि क्षेत्र के ही सोनफेरवा बुजुर्ग गांव निवासी राजेंद्र पुत्र शंकर व अन्य ने उससे 5.50 लाख कीमत का धान व गेहूं उधार खरीदा था। पैसा मांगने पर देने से इनकार कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी है। इन लोगों ने ने क्षेत्र के ही बरदहा नानकार गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र सत्येंद्र कुमार का 1.20 लाख का गेहूं व बरगदवा निवासी मनोज कुमार पुत्र कुशराम का 1.11 लाख का गेहूं खरीदकर बकाया देने से मना कर दिए। इसके अलावा बरदहा नानकार निवासी विजय शंकर पुत्र शोहरत प्रसाद का 6.94 लाख व सोनफेरवा बुजुर्ग निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र संतराम का 6.82 लाख रुपये कीमत का गेहूं खरीदकर चेक दिया था जो बाउंस हो गया।

उसने बताया कि आरोपितों ने क्षेत्र के अन्य कई किसानों के धान, गेहूं की कीमत जालसाजी करके हड़प लिया है। किसानों ने एसपी से मामले की शिकायत की थी।

एसपी के निर्देश के बाद गोल्हौरा पुलिस ने शनिवार की शाम आरोपित राजेन्द्र, उसकी पत्नी व दो बेटों अमित व अशोक के खिलाफ धारा 406, 504, 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष छत्रपाल सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## मामले के महत्वपूर्ण तथ्य

1. गोल्हौरा थाना क्षेत्र के पांच किसानों से जालसाजों ने हड़पे हैं 21 लाख
2. क्षेत्र के बभनी गांव निवासी किसान संतराम की तहरीर पर दर्ज हुआ केस
3. पुलिस ने पति-पत्नी व उनके दो बेटों के खिलाफ केस दर्जकर शुरू की जांच
4. किसानों से धान, गेहूं उधार लेकर दे दिया चेक, बाउंस होने पर ठगी का पता चला




## तीन माह पूर्व 10 लोगों पर दर्ज हुआ था मुकदमा

गोल्हौरा थाने में ही इन्हीं धाराओं में तीन माह पूर्व 29 किसानों ने दो मुख्य जालसाजों समेत 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था जो किसानों का लगभग 33 लाख से अधिक हड़प चुके हैं।

# पुलिस के साथ मेले का लिया जायजा

डुमरियागंज। भारतभारी में 10 दिवसीय मेला का शुभारंभ हो चुका है। नायब तहसीलदार आनन्द ओझा ने निरीक्षक कृपाशंकर मौर्य सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मेले का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य इंतजाम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि प्रशासन के देखरेख में लगने वाले मेले में हजारों की भीड़ होती है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन और अधिक भीड़ होगी। मेले में किसी प्रकार की खलल डालने लोगों को बक्शा नहीं जाएगा।

# पुलिस के सामने नहीं टिक सकी राजस्व विभाग की टीम



मैत्री क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी करते एसडीएम इटवा विकास कश्यप ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** स्टेडियम में रविवार को पुलिस व राजस्व विभाग के बीच मैत्री क्रिकेट मैच हुआ। पुलिस ने राजस्व विभाग को 93 रनों से पराजित किया। पुलिस के जवानों ने पहले आतिशी बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजस्व विभाग की टीम 17वें ओवर में 107 रन पर आल आउट हो गई।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व आरक्षी परमात्मा सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे। इन्होंने एक चौके की मदद से 17 गेंद पर दस रन बनाए। परमात्मा ने 32 गेंद पर सात चौका व एक छक्का की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाए। आरक्षी देवेश ने 30, राहुल शर्मा ने 25, एसआइ सुरेंद्र सिंह ने 28 व चंदन ने 29 रन का योगदान दिया। राजस्व विभाग गेंदबाज ने दिशाहीन गेंदबाजी करते हुए 27 वाइड समेत 33 अतिरिक्त रन दिए। जवाब में राजस्व टीम की ओर से केवल एसडीएम इटवा विकास कश्यप ही पिच पर टिक सके। इन्होंने 22 रन बनाए। राहुल ने 18 व योगी ने दस रन का योगदान दिया। राहुल शर्मा व हरिवंश ने दो-दो और पुलिस अधीक्षक ने स्पिन गेंदबाजी करते हुए 40 रन देकर एक विकेट लिया।



गेंदबाजी करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ● जागरण

# कार्तिक पूर्णिमा पर बरतें विशेष सावधानी : एसपी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस लाइन सभागार में रविवार को अपराध विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी ने शीतकालीन ऋतु को देखते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये। पिछले तीन वर्ष में हुए अपराधों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का कार्य समय से पूरा करा लें।



पुलिस लाइन सभागार में अपराध की समीक्षा करते एसपी अमित कुमार आनंद व उपस्थित अन्य अधिकारीगण ● जागरण

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुई बैठक, आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी लगवाने का फैसला

एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि गैंगस्टर के मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराएं। एसपी ने सम्पत्ति से जुड़े मामलों में आरोपितों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। सभी जिम्मेदारों को निर्देशित किया कि थानों में बंद मुकदमों से जुड़े वाहनों का निस्तारण प्राथमिकता पर कराएं। वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए, जिससे वह खराब न होने पाए। छह माह से लंबित मामलों व आइजीआरएस पर आई शिकायतों को निस्तारण समयबद्धता के साथ करें। कहा कि किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। कहा जिन आपराधिक मामलों का पर्दाफाश अब तक नहीं हो पाया है उसे जल्द पूरा करें। थानेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि पीड़ित को थाने पर न्याय मिले और उसकी बातों को प्राथमिकता के साथ सुनी जाए। यदि कहीं से शिकायत मिली तो संबंधित थानेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा, सीओ बांसी देवी गुलाम, थाना प्रभारी उसका राजेश कुमार तिवारी, कपिलवस्तु मोतीलाल यादव, मोहाना संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# कैसा यातायात माह, बाइक पर बिना हेलमेट दौड़ रहे चार सवारी

## वाहनों का नंबर ढककर पुलिस को चकमा देते हैं शोहदे, पुलिस का अभियान कागजी, मजाक बने बनाए गए नियम

- वाहनों का खूब चालान हो रहा है पर चालकों को पुलिस का खौफ नहीं
- शायद ही कोई ऐसी जगह, जहां बाइक पर तीन सवारी जाती न दिखती हो

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : यातायात सुरक्षा माह चल रहा है। पुलिस लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। वाहनों का खूब चालान हो रहा है पर वाहन चालकों को यातायात पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। हालत यह है कि जब पुलिस गाड़ियों की जांच करती है तो बाइक सवार अपने वाहनों का नंबर प्लेट तक ढक ले रहे हैं। हर दिन जनपद मुख्यालय से लेकर गांवों में बाइक पर तीन से चार सवारियां यात्रा करते देखी जा रही हैं।

> यातायात नियमों का पालन कराया जा रहा है। सघन जांच अभियान भी चल रहा है। किसी को कानून तोड़ने की अनुमति नहीं है। यदि कोई नियमों का पालन करते नहीं मिला तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> देवी गुलाम
>
> सीओ यातायात

शहर में यातायात पुलिस ने बेपटरी हो चुकी यातायात को सुव्यवस्थित करने की पहल जारी है। मंशा है कि यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जाए। लोग कार्रवाई की डर से यातायात नियमों का पालन करेंगे। जिससे लोगों को सुरक्षित यात्रा करने में आसानी होगी। लेकिन हालत एकदम उल्टा है। शहर में शायद ही कोई ऐसी जगह होगी, जहां बाइक पर तीन से चार सवारी जाती न दिखती हो। शराब पीकर गाड़ी चलाना, बिना सीट बेल्ट, निर्धारित गति से तेज वाहन चलाना, हेलमेट बिना पहने, बाइक पर तीन से चार सवारी, काली फिल्म चढ़ी गाड़ी जाती न दिखती हो।



साड़ी तिराहे से होकर गुजरते बाइक सवार चार छात्र ● जागरण



पुलिस की चेकिंग देखकर बाइक का नंबर हाथ से ढकता पीछे बैठा युवक ● जागरण

स्थल- हाइडिल तिराहा : शहर के प्रमुख स्थल साड़ी तिराहे पर शनिवार दोपहर में एक बाइक पर चार युवक फर्राटा भरते हुए जाते नजर आए। बाइक सवारों को जरा भी इसकी परवाह नहीं कि यह नियम के विपरीत है। वहीं इसी स्थान पर दूसरे बाइक पर तीन सवार युवक जाते दिखे। पुलिस के जवान ने ज्यों ही अपनी मोबाइल से फोटो खींचने की कोशिश की तो पीछे बैठा युवक नंबर प्लेट को हाथ से ढक लिया और फर्राटा भरते आगे निकल गया।

स्थल- कलेक्ट्रेट गेट : कलेक्ट्रेट गेट के सामने से दोपहर में एक बाइक पर तीन युवक फर्राटा भरते हुए जाते दिखे। इस प्रमुख स्थल पर भी पुलिस ने वाहन को रोकने की जहमत नहीं उठाया।

स्थल-साड़ी तिराहा साड़ी तिराहे पर एक स्कूल की ड्रेस में चार युवक बाइक पर जाते नजर आए। उन्हें जरा भी इस बात की परवाह नहीं थी कि यातायात माह में पुलिस ऐसा करते देख उनके वाहन के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।

# आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

जासं, मिठवल, सिद्धार्थनगर: पथरा थाना क्षेत्र के दो पक्षों के बीच रविवार को कस्बे में स्थित देशी शराब की दुकान में मारपीट हुई।

परशुराम निवासी नौवां गांव व संदीप निवासी कम्हरिया मिठवल चौराहे पर शराब की दुकान के सामने लगे ठेले पर चाट- चाउमीन खा रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। मौजूद लोगों ने दोनों को समझाकर घर भेज दिया। कुछ देर बाद संदीप गांव के कुछ लोगों के साथ रात में परशुराम के घर पहुंच गये और मारपीट हुई। परशुराम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी पथरा बलजीत राव ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# किसानों से धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

## एसपी के आदेश पर चार लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बांसी।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के पांच किसानों का जालसाजों ने धान और गेहूं उधार खरीदकर 21 लाख रुपये से अधिक हड़प लिया है। पीड़ित किसानों ने एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर गोल्हौरा थाने की पुलिस ने शनिवार की देर शाम चार जालसाजों के खिलाफ केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

क्षेत्र के बभनी गांव निवासी किसान संतराम का आरोप है कि क्षेत्र के ही तलपुरवा हाल मुकाम सोनफेरवा बुजुर्ग निवासी राजेन्द्र व उनके पुत्र अशोक, अमित व उनकी पत्नी ने मिलकर 5,50,960 रुपये का धान व गेहूं उधार खरीदा था। फसल का मूल्य मांगने पर राजेंद्र आदि ने गाली दी और जान से मारने की धमकी देकर रकम देने से इन्कार कर दिया।

इसी तरह राजेंद्र आदि ने क्षेत्र के ही बरदहा नानकार निवासी सुनील कुमार का 1,20,290 रुपये का गेहूं व बरगदवा निवासी मनोज कुमार का 1,11,370 रुपये कीमत का गेहूं खरीदकर बकाया देने से मना कर दिया।

इसके अलावा बरदहा नानकार निवासी विजय शंकर का 6,94,000 रुपये कीमत का, सोनफेरवा बुजुर्ग निवासी नरेंद्र कुमार का 6,82,000 कीमत का गेहूं राजेंद्र ने आदि खरीदकर चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। इन लोगों ने न्यायालय में वाद दायर किया है। पीड़ित किसानों के अनुसार, आरोपियों ने क्षेत्र के अन्य किसानों से जालसाजी की है। किसानों ने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश और किसान संतराम की तहरीर पर राजेंद्र आदि के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धारा में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

बताते चलें कि गोल्हौरा थाने में ही उक्त धाराओं में तीन माह पूर्व 29 किसानों ने दो जालसाजों समेत दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था, जो किसानों का लगभग 33 लाख से अधिक हड़प चुके हैं। कोतवाल गोल्हौरा छत्रपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-11-2022

# सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट करने के आरोप में युवक नामजद

**दलित समुदाय के एक व्यक्ति ने पुलिस को युवक के विरूद्ध नामजद तहरीर देकर दर्ज कराया मुकदमा**

**धनघटा (एसएनबी)**। दलित बहन बेटियों को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट करने के आरोप में धनघटा पुलिस ने रविवार को एक युवक के विरूद्ध जातीय उन्माद फैलाने, गाली और धमकी देने, सूचना प्रौद्योगिकी संसोधन अधिनियम तथा एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के ठकुराडाड़ी गांव निवासी एक दलित व्यक्ति की तहरीर पर पूरी की है। तहरीर में थाना क्षेत्र के ठकुराडाडी गांव निवासी दलित नागेन्द्र पुत्र मुन्नीलाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव निवासी किशन अग्रहरि पुत्र स्वर्गीय मिठाईलाल द्वारा दलित जाति को टारगेट करते हुए दलित बेटी और बहनों को लेकर अभद्र टिप्पणी के साथ वीडियों तैयार करके अपने फेसबुक आईडी किशन कुमार पर अपलोड कर दिया। अपलोड वीडियों में दलित जाति की बेटी बहनों को बलपूर्वक भगाने की बात कहते हुए फांसी और जेल से न डरने की बात आरोपी किशन अग्रहरि द्वारा कही गयी है। वीडियों के वायरल होने से दलिज समाज के लोग काफी आक्रोशित और उद्वेलित है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी किशन अग्रहरि के खिलाफ आईपीसी की धारा 153ए, 504, 506, 67 आईटी एक्ट तथा एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर नामजद आरोपी को गिरफत में लेकर कांनूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# जमीनी विवाद का पुलिस ने कराया समाधान

## स्थानीय ग्रामीण पुलिस की भूमिका की कर रहे प्रशंसा

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के अम्मादेई गांव में पूर्व से चल रहे जमीनी विवाद का स्थानीय पुलिस ने दोनों पक्षों से आपस में बातचीत कराकर रविवार को समाधान करा दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अम्मादेई गांव निवासी वीरेन्द्र सिंह की पुश्तैनी जमीन पर गांव के कुछ लोग अनधिकृत रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे तथा जमीन को कब्जा करने की नियति से विपक्षियों द्वारा उनकी जमीन पर कूड़ा कचरा फेका जा रहा था जिससे बगल स्थित खेत में उक्त वीरेन्द्र सिंह द्वारा बोई जा रही फसल का भी नुकसान हो रहा था। फसल को नुकसान से बचाने के लिए उक्त वीरेन्द्र सिंह ने बीच में अपनी जमीन में विशाल गड्ढा खोदवा दिया जिससे रास्ता बन्द हो गया और आने जाने वालों के लिए वह गड्ढा भारी दुर्घटना का सबब भी बन गया। इस बीच गड्ढे से कभी भी दुर्घटना की आशंका जताते हुए अम्मादेई गांव के प्रधान ग्रामीणों के साथ महुली थाने पहुंचकर पुलिस को उक्त वीरेन्द्र सिंह के खिलाफ शिकायतीपत्र दिए थे। शिकायतीपत्र



अम्मादेई गांव मे जमीनी विवाद का समाधान कराते प्रभारी निरीक्षक महुली।

को संज्ञान में लेते हुए प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र और मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी रविवार को अम्मादेई गांव पहुंचे और दोनों पक्षों से वार्ता किया। वार्ता के दौरान वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि खेत की तरफ आवागमन बन्द करने के लिए ही उन्होंने गड्ढा खोदवाया था।

दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद प्रभारी निरीक्षक ने उक्त वीरेन्द्र सिंह के खेत में कूड़ा कचरा फेकने के साथ ही किसी प्रकार का अतिक्रमण न करने की मुहल्लावासियों को सख्त चेतावनी दी। बातचीत के बाद वीरेन्द्र सिंह भी पुलिस के समक्ष खोदे गए गड्ढे को जल्द ही पाटने का भरोसा प्रभारी निरीक्षक को दिया है। विवाद के समाधान हो जाने के बाद स्थानीय ग्रामीण भी प्रभारी निरीक्षक महुली और चौकी प्रभारी मुखलिसपुर के प्रयासों की जमकर सराहना कर रहे है।

# सीओ ने गंदगी पर जतायी नाराजगी

दुधारा (एसएनबी)। रविवार को क्षेत्राधिकारी सदर ने दुधारा थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। दुधारा थाना का रविवार को क्षेत्राधिकारी सदर अंशुमान मिश्रा ने त्रिमासिक निरीक्षण किया। उप निरीक्षक अमरनाथ यादव की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने सीओ सदर को सलामी दी गयी। सीओ सबसे पहले थाना कार्यालय पहुंचे। जहां कार्यालय के बरामदे के फर्श पर गंदगी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने परिसर में साफ-सफाई रखने के मातहतों को निर्देश दिए। सीओ सदर श्री मिश्रा ने मालगृह राजकीय संपत्ति, शस्त्रागार मालखाना, भोजनालय कक्ष का भी मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, एचएस रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, बीट रोस्टर प्रणाली, फ्लाईशीट, आर्डर बुंक, त्योहार रजिस्टर आदि सभी अभिलेखों का बारीकी से जांच पड़ताल की। साथ ही ट्विटर पोल की स्थिति की जानकारी ली तथा इसमें तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अभिलेखों का नियमित रूप से अपडेट करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे, उ.नि. लाल बिहारी निषाद, अमरनाथ यादव, शम्भू राम, रजनीश राय, अनुज कुमार राय, श्रषभ शुक्ला, पुनीत कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शव गायब करने के मामले में पत्नी समेत छह पर केस

**धनघटा (एसएनबी)।** क्षेत्र के बरपरवा गांव निवासी एक युवक की हत्या कर उसका शव गायब कर देने के आरोप में रविवार को धनघटा पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया न्यायालय के निर्देश पर पूरी की है। तहरीर में थाना क्षेत्र के बरपरवा गांव निवासी रामदरस सिंह पुत्र कमला सिंह ने बताया कि उसके बेटे पवन सिंह की शादी बीते 21 मई 2017 को धनघटा थाना क्षेत्र के प्रजापतिपुर गांव निवासी जीवन सिंह की बेटी संध्या सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद बेटे पवन सिंह को पता चला कि उसकी पत्नी संध्या सिंह का उसके बहनोई से अवैध सम्बन्ध है तो बेटा अपनी पत्नी संध्या सिंह को साथ लेकर बीते 5 अगस्त 2019 को बंगलौर चला गया। उसके बाद रामदरस सिंह जहां लगातार अपने बेटे को फोन करके बात करने का प्रयास करते रहे लेकिन बेटे से उनकी बात आज तक नहीं हो सकी। इतना ही नहीं पत्नी के साथ बंगलौर जाने के बाद पवन सिंह आजतक घर भी वापस नहीं आया। इस बीच परिजनों को पवन सिंह की मौत की सूचना मिली तो मृतक की पत्नी संध्या सिंह, महुली थाना क्षेत्र के गायघाट गांव निवासी रणविजय सिंह पुत्र फूलचन्द सिंह, धनघटा थाना क्षेत्र के प्रजापतिपुर गांव निवासी जीवन सिंह पुत्र वंशबहादुर सिंह तथा रविन्द्र सिंह, शिवानन्द सिंह व कृष्णानन्द सिंह पुत्रगण जीवन सिंह मिलकर मृतक पवन सिंह के पिता रामदरस सिंह सहित अन्य परिजनों को पुलिस में सूचना देने पर पवन सिंह की तरह ही सूचना देने वाले को भी जान से मार कर शव को गायब कर देने की धमकी देने लगे जिससे मृतक पवन सिंह का परिवार सकते में आ गया कोर्ट ने सुनवाई पूरी करने के बाद धनघटा पुलिस को तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश बीते दिनों दिया था जिसके अनुपालन में रविवार को धनघटा पुलिस ने मृतक पवन सिंह के पिता रामदरस सिंह की तहरीर पर विपक्षी संध्या सिंह, जीवन सिंह, रविन्द्र सिंह, शिवानन्द सिंह तथा कृष्णानन्द सिंह के खिलाफ आइपीसी की धारा 302,201,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**दुधारा (एसएनबी)**। जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं पर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में उ.नि. लालबिहारी निषाद, हे.कां. दिनेश कुमार, कां. रमेश मिश्रा ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त मोहरत अली पुत्र रोजन निवासी बगुलिया को पिपराहंकार को पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे ने बताया कि अभियुक्त द्वारा वादिनी की नाबालिग-पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना कारित की गई। जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# कंबाइन ले जाने से मना करने पर मारपीट

**बखिरा (एसएनबी)**। बखिरा थाना क्षेत्र के गेंहूडीला गांव के सीवान में खेत में कंपाईन ले जाने से मना करना एक व्यक्ति को मंहगा पड़ गया। खेत में कंबाइन ले जाने से मना करने पर तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर 03 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गेहूंडीला निवासी राकेश मिश्र पुत्र सदानदं मिश्र ने दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के दक्षिण तरफ स्थित खेत में उसने सरसों बोया है और फसल जम चुकी है। शनिवार की दोपहर को देखभाल के लिए खेत पर गये थे। इसी दौरान उसके ही गांव के जनमेजय व मृत्युजंय पुत्रगण जयमंगल व राखी देवी पत्नी जयमंगल उसके सरसों के खेत से होते हुए कंबाइन लेकर जा रहे थे। जब उसने कंबाइन खेत से होकर ले जाने से मना किया तो तीनों लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया जिससे उसे काफी चोटे आईं। एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# फरार तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**धनघटा (एसएनबी)।** अपराधिक मुकदमों में नामजद होने के बाद लगातार पुलिस पकड़ से फरार चल रहे धनघटा थाना क्षेत्र के अलग अलग गावों के तीन नामजद अभियुक्तों को धनघटा पुलिस ने रविवार को गिरफतार कर जेल भेज दिया। गिरफतार अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय द्वारा भी गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के भैसाखूट गांव निवासी अजय कुमार पुत्र रमेश के विरूद्ध अभी हाल में ही नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपहरण करने, किशोरी को जानमाल की धमकी देने के साथ ही पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही नामजद अजय कुमार लगातार फरार चल रहा था। जगह जगह छापेमारी करने के बावजूद पुलिस न तो अभी तक उसे गिरफतार कर सकी थी और न ही वह न्यायालय के समक्ष ही पेश हुआ था। रविवार को पुलिस ने वांछित अजय कुमार को गिरफतार करके जेल भेज दिया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के औराडाड़ गांव निवासी नरायन पुत्र नागू और थाना क्षेत्र के रूपिन गांव निवासी असलम पुत्र दीनू के खिलाफ भी पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज हुए थे जिसकी विवेचना पूरी कर पुलिस ने आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया है लेकिन उक्त दोनो अभियुक्त न तो अभी तक पुलिस पकड़ में आ सके और न ही न्यायालय के समक्ष ही पेश हुए तो न्यायालय ने दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने का निर्देश धनघटा पुलिस को दिया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रविवार को पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया जहां न्यायालय ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

**अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय द्वारा भी जारी किया गया था गैर जमानती वारंट**

# संतकबीरनगर जिला ने हासिल किया प्रथम स्थान

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर जोन की 65वीं अंतर जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता-2022 का रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में समापन हुआ। समापन अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सममनित किया गया।

**गोरखपुर जोन की 65वीं अंतर जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता का समापन**

बीते 4 नवम्बर को डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र जे रविंद्र गौड ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन किया था। प्रतियोगिता में 10 जनपदों के कुल 30 अधिकारी/कर्मचारीगणों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जनपद संतकबीर नगर द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया, तो वहीं जनपद गोरखपुर द्वितीय स्थान पर रहा। समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात/लाइन डा. महेंद्र पाल सिंह व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मानुष पारिक ने विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ के विभिन्न अधिकारीगण व विधि विज्ञान प्रयोगशाला गोरखपुर के अधिकारीगण एवं लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में गोरखपुर जोन की 65वीं अंतरजनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते एसपी ट्रैफिक डा. महेन्द्रपाल सिंह।

# नाबालिग को भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे अभियान में नाबालिग को बहला फुसला कर भगाने व परिवार को जानमाल की धमकी देने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त अजय पुत्र रमेश निवासी भैंसाखूंट थाना धनघटा का है। पीड़िता की मां तहरीर देकर शिकायत किया कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

# युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

बखिरा। नगर पंचायत निवासी एक युवती को सिद्धार्थनगर जनपद का एक युवक फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया कि उसकी बेटी को सिद्धार्थनगर का एक युवक विगत 3 नवम्बर को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। बेटी साथ में एक मोबाइल व दस हजार की नगदी भी लेकर गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। महिलाओं पर अपराधों की रोकथाम के लिए चल रहे अभियान में पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में दुधारा थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने तहरीर दी थी। अभियुक्त ने वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया था। वादिनी की तहरीर पर दुधारा थाने में अभियोग पंजीकृत कराया था।

थाना दुधारा पुलिस ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए रविवार को अभियुक्त मोहरत अली पुत्र स्व. रोजन निवासी बंगुलिया थाना दुधारा को पिपरा हंकार पेट्रोल पंप के पास से पकड़ लिया।

# शांतिभंग की आशंका में 24 अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में 24 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सबसे अधिक कार्रवाई मेहदावल थाने की पुलिस ने की। 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पांच, महुली थाने की पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

# वैज्ञानिक अनुसंधान व पुलिस फोटोग्राफी में जिला प्रथम

**प्रतियोगिता**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। गोरखपुर पुलिस लाइन में गोरखपुर जोन की 65वीं वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया गया था। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में संतकबीरनगर पुलिस टीम प्रथम स्थान पर रही वहीं दूसरे स्थान पर गोरखपुर की टीम ने अपना कब्जा किया।

मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक महेंद्र पाल सिंह के द्वारा विजेता टीमों को शील्ड व उपहार देकर समापन की घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में जोन के 11 जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। संतकबीरनगर जिले के टीम में निरीक्षक जयवर्धन सिंह, उपनिरीक्षक उदयभान मिश्रा, उपनिरीक्षक कामेश्वर मिश्रा, कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में अपराध होने के बाद पुलिस के साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन से जुड़े हुए प्रश्नों पर आधारित लिखित, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षा ली गई। प्रतियोगिता में आधुनिक तरीके से वैज्ञानिक अनुसंधान के संदर्भ में अलग-अलग विषयों पर प्रतियोगी परीक्षाएं ली गई।



संतकबीरनगर की टीम को शील्ड प्रदान करते मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक महेंद्र पाल सिंह

पहले दिन विधि विज्ञान तथा कानून से संबंधित लिखित परीक्षा तथा फोटोग्राफी तथा अंगूठा छाप प्रयोगात्मक परीक्षा व दूसरे दिन मेडिको लीगल, पैकिंग सीलिंग, फॉरवर्डिंग और रिपोर्ट के संबंध में अलग-अलग विषयों पर परीक्षा करा कर प्रतिभागियों को प्राप्तांक दिए गए। जिसमें संतकबीरनगर की टीम ने कुल विषयों में संपूर्ण 562 अंक प्राप्त कर प्रथम तथा गोरखपुर की टीम ने 552 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का रविवार समापन हुआ।

# दबिश के दौरान सात वारंटी गिरफ्तार हुए

संतकबीरनगर। पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे लोगों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया। इस दौरान सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मेहदावल थाने की पुलिस तीन ,धनघटा थाने पुलिस ने दो, दुधारा व बखिरा थाने की पुलिस ने एक-एक अभियुक्त पकड़ा।

# एक साथ रहने को राजी हुए पति-पत्नी

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन साथ-साथ कार्यक्रम के तहत परिवार पराशर्म केन्द्र में एक साथ पति-पत्नी रहने को राजी हुए। दोनों परिवारों में समझौता हुआ। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में एक परिवार की समस्या का हल हुआ।

शिवकुमारी पुत्री हरिलाल निवासी गगनई थाना धर्मसिंहवा और दूसरा पक्ष विश्राम पुत्र बेचू साहनी निवासी दुबौली थाना धर्मसिंहवा जिला संतकबीरनगर रहा। दोनों पक्षों के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद था। इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के बाद खुशी-खुशी रहने को तैयार हैं।

# 169 वाहनों से वसूला 1.68 लाख जुर्माना

संतकबीरनगर। मोटर वाहन अधिनियम के तहत अभियान चला कर एक लाख 68 हजार रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया गया है। सभी थाना क्षेत्रों में बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों को रोक कर चेकिंग की गई। प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, प्रभारी यातायात ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। 169 वाहनों से 1 लाख 68 हजार रूपए समन शुल्क वसूल किया गया।

# दम्पति समेत 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा

बखिरा। पुरानी रंजिश को लेकर डबरा गांव में शनिवार को विवाद हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दम्पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नीलू पत्नी रामनारायण ने बताया गांव में एक परिवार से उसकी पुरानी रंजिश थी। इसी वजह से बैकुंठ नारायण व उनके परिवार के अन्य लोग उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध पर लाठी डंडा से मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के अनुसार बैकुंठ नारायन, उनकी पत्नी प्रतिमा देवी, बेटी शालिनी व माँ कुमारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कंबाइन खेत में ले जाने को लेकर विवाद, मुकदमा दर्ज

**जासं, बखिरा, संतकबीर नगर:** बखिरा थाना के गेहूंडिला गांव में रविवार को खेत में कंबाइन ले जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इस घटना में एक व्यक्ति का दांत टूट गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर इसी गांव के दो भाई व उनकी मां समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बखिरा थाने में दी गई तहरीर में गेहूंडिला गांव निवासी राकेश कुमार मिश्र ने उल्लेख किया है कि उनका खेत गांव के दक्षिण की तरफ है। इसमें सरसों बोया गया है, जिसका जमाव भी हो चुका है। वह खेत में रविवार को गये थे। इस दौरान देखा कि उनके गांव के जन्मेजय व मृत्युंजय पुत्र जय मंगल और इनकी मां राखी उनके सरसों के खेत से कंबाइन लेकर जा रहे थे। विरोध करने पर उन्हें पीटने लगे। इससे उनका एक दांत टूट गया। वह बेहोश होकर खेत्त में गिर गए। घटना के बाद ये लोग यहां से भाग गये। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# लड़की से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को भेजा जेल

संतकबीर नगर : दुधारा पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में रविवार को बगुलिया गांव निवासी मोहरत अली पुत्र स्वर्गीय रोजन को पिपराहंकार गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। एक गांव की महिला ने थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया था कि कुछ दिन पूर्व,उसकी नाबालिग बेटी के साथ युवक ने जबरन दुष्कर्म किया था। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी।' (जासं)

# नाबालिग लड़की को भगाने वाले युवक को भेजा जेल

संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाने वाले थाना के भैंसाखूंट गांव निवासी अजय पुत्र रमेश को रविवार को उसके गांव के पास गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। एक गांव की महिला ने थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया था कि उसकी नाबालिग बेटी को युवक भगा ले गया। इस पर मुकामी पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अपहरण, जान–माल की धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच में जुटी हुई थी। (जासं)



वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान प्राप्त करने वाली टीम को शील्ड देते अधिकारी • जागरण

# प्रतियोगी परीक्षा में संतकबीर पुलिस को मिला प्रथम स्थान

- 11 जनपदों की पुलिस टीम ने इसमें लिया था भाग
- संतकबीरनगर की टीम को 562 अंक, गोरखपुर को मिले 552 अंक

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** गोरखपुर पुलिस लाइन में 65वीं वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में संतकबीर नगर की पुलिस टीम को प्रथम स्थान मिला। वहीं, दूसरे स्थान पर गोरखपुर की टीम रही। इस प्रतियोगिता में जोन के 11 जिलों की पुलिस प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

इस प्रतियोगिता में अपराध होने के बाद पुलिस के साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन से जुड़े हुए प्रश्नों पर आधारित लिखित, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षा हुई थी। वैज्ञानिक अनुसंधान के संदर्भ में अलग-अलग विषयों पर प्रतियोगी परीक्षाएं हुई। पहले दिन विधि विज्ञान तथा कानून से संबंधित लिखित परीक्षा, फोटोग्राफी व अंगूठा छाप प्रयोगात्मक परीक्षा तथा दूसरे दिन मेडिको लीगल, पैकिंग सीलिंग, फारवर्डिंग और रिपोर्टिंग के संबंध में परीक्षा हुई। इसमें संतकबीर नगर की पुलिस टीम कुल विषयों में 562 अंक प्राप्त कर प्रथम तथा गोरखपुर की टीम ने 552 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। रविवार को इस प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक महेंद्र पाल सिंह ने विजेता टीमों को सील्ड व उपहार देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाली संतकबीर नगर जिले की टीम में निरीक्षक जयवर्धन सिंह, उपनिरीक्षक उदयभान मिश्र व कामेश्वर मिश्र तथा कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे।

# अवैध अतिक्रमण से बरदहिया में लग रहा है जाम

## निजी अस्पताल से बरदहिया तिराहे तक सड़क किनारे लग रहीं दुकानें नपा के नाले व फुटपाथ का भी किराया लेते हैं भवन स्वामी



खलीलाबाद के बरदहिया बाजार में सड़क पर पार्किंग व जाम • जागरण



खलीलाबाद के बरदहिया बाजार में ट्रक पहुंचने से लगा जाम • जागरण



डीघा-बरदहिया बाजार मार्ग पर लगा जाम • जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अवैध अतिक्रमण के कारण बरदहिया में शनिवार, रविवार व सोमवार को तीन दिन तक लोग जाम से जूझते हैं। सड़क की पटरियों पर भवन स्वामियों का अवैध अतिक्रमण है। ये घर के सामने स्थित नगर पालिका के नाला और सड़क की पटरी पर दुकान लगवाने के एवज में किराया लेते हैं। इसकी वजह से यह समस्या है।

बरदहिया बाजार में शनिवार को दोपहर से ही माल गिरना शुरू हो जाता है। एक निजी हास्पिटल से लेकर हाईवे तक मार्ग के दोनों तरफ रहने वाले भवन स्वामी नगरपालिका परिषद खलीलाबाद के नाले और पटरी को भी कब्जा कर लिया है। घर के सामने पटरी पर दुकान लगवाने के एवज में दुकानदारों से किराया लेते हैं। यही नहीं नक्शे में जो घर आवासीय भवन के रूप में दर्ज हैं, वहां पर भी अवैध तरीके से दुकानें बना ली गई हैं। प्रत्येक सप्ताह शनिवार, रविवार व सोमवार को तीन दिन लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है।

**पिछले साल हुई थी दो मृत्यु :** बरदहिया बाजार में पिछले साल एक एंबुलेंस जाम के कारण जनता मार्ग पर करीब एक घंटे तक फंसा रहा। इससे समय से उपचार न हो पाने के कारण एंबुलेंस में ही मरीज की मृत्यु हो गयी थी। वहीं, दूसरी तरफ एक ठेला चालक जाम के दौरान ट्रक के नीचे दबकर मर गया था। पूर्व डीएम दिव्या मित्तल के निर्देश पर निजी हास्पिटल से लेकर हाईवे तक अतिक्रमण से मुक्त कराया था। बैरियर भी लगवाया गया था। इसके बाद फिर स्थिति जस की तस हो गयी।

> इसके बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करेंगे। इस समस्या को दूर करने के लिए वह उचित पहल करेंगे।
>
> प्रेम रंजन सिंह, डीएम

# फरार चल रहे सात वारंटियों को भेजा जेल

संतकबीर नगर : जनपद की चार थाने की पुलिस ने रविवार को फरार चल रहे सात वारंटियों को गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेज दिया। इसमें मेंहदावल पुलिस ने नगराखुर्द गांव निवासी रामनरेश पाससवान पुत्र जयराम व पिंटू उर्फ लालमोहन पुत्र रामनरेश तथा बेलवनवा गांव निवासी हरिकेश पुत्र विश्वनाथ को गिरफ्तार किया है। जबकि दुधारा पुलिस ने रक्शाकला गांव निवासी नूर मोहम्मद पुत्र सफात मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। वहीं, धनघटा पुलिस नेरूपिन गांव निवासी असलम पुत्र दीनू व औराडांड़ गांव निवासी नारायण पुत्र नागू को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा बखिरा पुलिस ने बौरव्यास गांव निवासी रामवृक्ष पुत्र परदेशी को गिरफ्तार किया है।( जासं)

# शांति भंग की आशंका में 24 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जिले में विभिन्न थानों की पुलिस ने रविवार को शांति भंग की आशंका में 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने पांच, महुली पुलिस ने दो व मेंहदावल पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार है। ये लोग भूमि व मामूली विवाद को लेकर आपस में मारपीट करने पर आमादा थे। सूचना मिलते ही पुलिस इनके गांव में पहुंची। (जासं)

# हादसे में तीन घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिस कर्मी सूचना मिलने पर रविवार को बखिरा में पहुंची। सड़क हादसे में घायल इसी थाना के कम्हरिया गांव निवासी औसर अली पुत्र असगर अली, एजाज अहमद पुत्र छेगन व बुद्धू पुत्र नूरे को अपने वाहन से निकट के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया। (जासं)

# सड़क दुर्घटना के बाद भी नो एंट्री जोन में बड़े वाहनों का हो रहा प्रवेश, लगता है जाम

संतकबीर नगर : कुछ दिन पूर्व हादसे में एक छात्रा की मृत्यु के बाद भी नो एंट्री जोन में बड़े वाहनों का आवागमन कुछ दिनों से शुरू हो गया है। खलीलाबाद शहर के घोरखल से रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाला मार्ग इसका उदाहरण है। वहीं, रविवार को बरदहिया बाजार में ट्रकों के पहुंचने से जाम लगा रहता है। पुलिस की कार्यशैली पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। (जासं)

# दृष्टि बाधित को कराया भोजन फिर सुनी फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस कर्मी ने दिखाई मानवता



दृष्टि बाधित को भोजन कराते पौली चौकी पर तैनात सिपाही।

रोसया बाजार। पुलिस की वर्दी में भी कुछ ऐसे लोग हैं, जो मानवता की सेवा में जुटे हैं। पुलिस चौकी पौली में तैनात एक पुलिस कर्मी ने मानवता दिखाते हुए फरियाद के लिए आए दृष्टि बाधित व्यक्ति को पहले भोजन कराया, फिर उसकी समस्या सुनी और निस्तारण कराया।

पुलिस चौकी पौली में तैनात एक पुलिस कर्मी ने थाने में फरियाद लेकर पहुंचे दृष्टि बाधित व्यक्ति को भूखा देखकर पहले मेस से मंगाकर भोजन कराया। उसके बाद उसकी समस्या का समाधान कराने की पहल की। लोगों के मुताबिक पौली चौकी क्षेत्र के नकहा गांव निवासी राम तीरथ पुत्र मंगरू को आंखों से दिखाई नहीं देता है।

वह अपनी समस्या लेकर किसी तरह से चौकी तक पहुंचे। चौकी पर पुलिस कर्मी लवकेश यादव से मुलाकात हुई। पुलिस कर्मी उसके आवभाव से समझ गए कि व्यक्ति भूखा और प्यासा है। उसने पहले उसे भोजन कराया, फिर उसकी बात सुनकर उसके साथ उसके घर पहुंचा।

बगल वाले से बातचीत कर उसके जमीन को खाली कराकर मामले का निस्तारण कर दिया। पुलिस कर्मी के इस कार्य की हर कोई सराहना कर रहा है।

# सीओ सिटी ने दुधारा थाने का निरीक्षण किया

लोहरौली। दुधारा थाने का रविवार को सीओ सदर अंशुमान मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने मालगृह राजकीय संपत्ति, शस्त्रागार मालखाना, भोजनालय कक्ष को देखा।

इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, एचएस रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, बीट रोस्टर प्रणाली, फ्लाईशीट, आर्डर बुक, त्यौहार रजिस्टर आदि सभी अभिलेखों का बारीकी से जांच पड़ताल की।

साथ ही ट्विटर पोल की स्थिति की जानकारी ली तथा इसमें तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अभिलेखों का नियमित रूप से अपडेट करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे, एसआई लालबिहारी निषाद, अमरनाथ यादव, शंभू राम, रजनीश राय, अनुज कुमार राय, श्रषभ शुक्ला, पुनीत कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# दंपती समेत चार पर मुकदमा

बखिरा। शनिवार को डबरा गांव में पुरानी रंजिश में विवाद हो गया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दंपती समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। नीलू पत्नी राम नारायण ने बताया गांव में एक परिवार से उसकी पुरानी रंजिश है।

इसी वजह से बैकुंठ नारायण व उनके परिवार के अन्य लोग रविवार को उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध पर लाठी डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। एसओ अनिल सिंह ने बैकुंठ नारायन, उनकी पत्नी प्रतिमा देवी, बेटी सालनी व मां कुमारी पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दुधारा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

एसओ अनिल कुमार दुबे ने बताया कि क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर दी कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया है। संवाद

# बाइक चालक पर केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के भिरवा गांव के पास साइकिल सवार को एक बाइक चालक ने चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल का इलाज गोरखपुर चल रहा है। घायल की बेटी की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी पर लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया है।

आरती ने तहरीर में कहा है कि पिता हनुमान प्रसाद तीन नवंबर को साइकिल से खलीलाबाद से कुसुमहा घर आ रहे थे। देवलस गांव के पास भिरवा गांव निवासी बाइक सवार प्रदीप ने पिता की साइकिल को चपेट में ले लिया। पिता घायल हो गए। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# मां-बेटे समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

बखिरा। शनिवार को क्षेत्र के गेहूडीला सरसों के खेत से कंबाइन लेकर जाने से मना करने पर कुछ लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। रविवार को पुलिस ने इस मामले में मां- बेटे समेत तीन पर मुकदमा दर्ज किया।

राकेश मिश्रा निवासी गेंहूडीला ने बताया कि शनिवार को गांव के दक्षिण में स्थित खेत की ओर गए थे।उसी दौरान दोपहर दो बजे उसके सरसों के खेत से होकर गांव के ही जनमेजय उसका भाई व मां कंबाइन लेकर जाने लगे। विरोध करने पर उसे लात घूसा से मारपीट कर घायल कर दिए। आरोप है कि उसका दांत भी तोड़ दिए। वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा।

आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वह किसी तरह घर पहुंचकर पिता से पूरी घटना बताया। एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राखी देवी व उसके दो बेटे जनमेजय व मृत्युंजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-11-2022

# शांतिभंग की आंशका में 18 लोग गिरफ्तार

गोण्डा। शांतिभंग की आशंका में जिलेभर में विभिन्न थानों की पुलिस ने 18 लोगों को गिरफ्तार करने उनका चालान किया है। पुलिस ने बताया कि विभिन्न मामलों में इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही सभी को जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

# दो वारंटियों को पुलिस पकड़कर भेजा जेल

गोण्डा। एसपी आकाश तोमर के निर्देश पर जिले में वारंटियों की गिरफ्तारी को अभियान चलाया जाता है। इसी निर्देश के क्रम में थाना करनैलगंज और कटराबाजार की पुलिस ने एक-एक वारंटी को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, आठ पर रिपोर्ट

**मनकापुर, संवाददाता।** पुरानी जमीन के रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से तीन महिला सहित आठ लोगों के खिलाफ मारपीट व जानमाल की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के ग्राम हरनाटायर मजरा चौहान पुरवा निवासी जवाहिर पुत्र राम मिलन ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। शनिवार की शाम को गांव के ही विपक्षी ठाकुर प्रसाद, अलखराम, गोवर्धन चौहान, सोना ने जमीन के विवाद को लेकर आये और अभद्रता करते हुए लाठी,डंडा से मारने-पीटने लगे। जब पत्नी गीता देवी, भाभी कुसुम देवी व ननकई ने आकर बीच बचाव किया। इसी दौरान अपशब्द कहते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

वहीं, मालती पत्नी ठाकुर प्रसाद ने दिए तहरीर में कहा है कि जमीन के विवाद की बात को लेकर विपक्षी जवाहिर, सुनीता ननकई, परमीत ने मारा पीटा है। बीच-बचाव करने आई देवरानी सोना देवी, बेटी उषा देवी की भी पिटाई कर दी।

# आरोपी की तलाश में नवाबगंज पुलिस की दबिश

छपिया। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैजलपुर के भिखारी पट्टी मजरे में एक आरोपी युवक की तलाश में पुलिस ने दबिश डाला। शनिवार की देर रात नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से बहला फुसला बालिका को भगाने के मामले में आरोपी की तलाश में नवाबगंज और चौकी पुलिस दबिश डाली लेकिन आरोपी नहीं मिला। प्रभारी एसओ दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश में नवाबगंज पुलिस आयी थी।

## नशीले पदार्थ के साथ आरोपी को दबोचा

गोण्डा। कोतवाली नगर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर सोनीगुमटी रेलवे क्रासिंग के पास से आरोपी तिलक राम मिश्रा को पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि तलाशी में उसके कब्जे से छह ग्राम स्मैक बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर कोतवाल ने बताया कि आरोपी तिलक राम मिश्रा पुत्र सीताराम मिश्रा थानाक्षेत्र के बेहड़ा चौबे गांव का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार करके न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

उधर खोड़ारे थाना पुलिस ने ग्राम मद्दी देवरिया निवासी ओमप्रकाश को दस लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा है। धानेपुर पुलिस ने भी ग्राम बरईनपुरवा की एक महिला को गिरफ्तार किया है।

## दो ग्राम पंचायतों में मारपीट, केस दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम पंचायत नौबस्ता की मेंड़ाई पुरवा निवासिनी गीता पांडेय पत्नी शिवकुमार ने कहा कि नाली विवाद को लेकर गांव के ही अमन तिवारी अपने अन्य सहयोगियों के साथ मारपीट करने के बाद नाली तोड़ दी।

वहीं, ग्राम पंचायत भगोहर के जमादार पुरवा निवासी राजमणि ने पत्नी से हुए विवाद को लेकर अपने ससुर नरेंद्र राणा व साले राजन पर मारपीट करने व गाली-गलौज की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## विवाहिता की हत्या में तीन गिरफ्तार

छपिया। दहेज को लेकर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है।

क्षेत्र के पायरखास गांव में 11 जुलाई को नवविवाहिता की कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी। परिजनों ने तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया था। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। चौकी प्रभारी मसकनवा बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया आरोपी दीपक सिंह, सूरज सिंह और सुमन सिंह निवासी पायरखास को गिरफ्तार कर लिया गया है।



विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ प्रभारी निरीक्षक व अन्य।

# विदाई समारोह का आयोजन किया गया

नवाबगंज। थाने में तैनात दो होमगार्डों की सेवानिवृत पर रविवार को थाना परिसर में सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट किया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए हरिश्चंद्र चौहान तथा जगदीश पांडेय के कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर उपनिरीक्षक सुनील कुमार, कन्हैयालाल मौर्या,उदय नरायन मिश्रा,तेज प्रताप, दुर्गेश चौधरी, अशोक तिवारी,श्रवन कुमार, सत्यनरायन तिवारी,मुन्ना लाल आदि रहे।

# राज्य कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन आज

गोण्डा। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर धरना सोमवार को जिला पंचायत के टिन शेड में होगा। जिसकी जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष इंद्र पाल तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यह धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है।

# किशोरी को भगाने में दो भाइयों पर मुकदमा

नवाबगंज। सरजू घाट पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित की मां ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बस्ती जिले के ग्राम चम्पतिया सुभाषनगर थाना छावनी निवासी अर्जुन पुत्र करिया अपने भाई अमर जीत के साथ मिलकर बीते शुक्रवार को बहला फुसलाकर भगा ले गया। एसएचओ अरुण द्विवेदी ने बताया केस दर्ज हुआ है।

# एक माह बाद बाइक चोरी का केस दर्ज

मनकापुर। पुलिस ने एक माह बाद बाइक चोरी का मामला दर्ज किया है। छपिया थानाक्षेत्र तालभाजा ग्रंट मजरा शेखापुर निवासी इंद्र प्रकाश चौधरी ने रविवार को कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई है। इसके मुताबिक वह आईटीआई मनकापुर में कार्यरत है। वह संचार विहार कालोनी में रहता है। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# लोक अदालत का आयोजन 12 को

गोण्डा। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला जज ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी के आदेशानुसार 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय और सभी तहसीलों में होगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विश्वजीत सिंह ने बताया कि लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, पालिका व बैंक से सम्बन्धित मामलों के साथ सभी सुलह योग्य वादों को पक्षकारों की सहमति से लिया जा सकता है।

# पंचायत में पति ने पत्नी को मारा चाकू

- तरबगंज थाना क्षेत्र के ऊंचे दुबारा सिंगहा चंदा का है मामला
- हमले में पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई, चार लोग गिरफ्तार

तरबगंज, संवाददाता। दंपति के बीच सुलह समझौते के लिए ग्राम प्रधान के दरवाजे पर चल रही पंचायत में पति ने पत्नी को चाकू मार दिया। जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता के मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मामला तरबगंज थाना क्षेत्र के ऊंचे दुबारा सिंगहा चंदा का है। जहां की निवासिनी शीला पत्नी बच्चा राम का आरोप है कि उसने अपनी बेटी ज्योति की शादी छह वर्ष पूर्व दूधनाथ गोस्वामी निवासी विशेनपुरा खानपुर वजीरगंज के साथ की थी। एक सप्ताह पूर्व बेटी-दामाद के बीच बढ़े विवाद के बाद बेटी मायके आ गई थी। उसे विदा कराने के लिए पति दूधनाथ गोस्वामी, धर्मेंद्र गोस्वामी, सत्येंद्र गिरी, विकास मिश्रा आए थे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सिंगहा



तरबगंज पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी।

चंदा विशाल पाठक के दरवाजे पर विदा कराने की पंचायत चल रही थी। आरोप है कि अचानक पति ने पत्नी को अकेले में बुलाकर चाकू से वार कर दिया। गनीमत ये रही कि हमला देखते हुए तत्काल लोग दौड़े। जिससे पति मात्र एक वार कर पाया। जिसके बाद लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की टीम ने खिरौरा मोहन में की कार्रवाई

# दस स्थानों से अवैध कब्जे हटाए

**अतिक्रमण**

- ग्राम समाज की भूमि पर लोगों ने बना लिए थे अपने मकान
- शिकायत पर तहसील प्रशासन को दिए कार्रवाई के निर्देश

गोण्डा, प्रमुख संवाददाता। डीएम के निर्देश पर सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम खिरौरा मोहन में राजस्व टीम के साथ पहुंचे एसडीएम ने ग्राम समाज की भूमि से जेसीबी मशीन की मदद से अवैध कब्जा हटाया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में फोर्स भी मौजूद रही। इस संबंध में आला अफसरों से भी शिकायत हुई थी। इस पर डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने तहसील प्रशासन को अवैध कब्जा चिह्नित करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि खिरौरा मोहन गांव के एक गाटे पर सत्य प्रकाश तिवारी व मीरा गुप्ता तथा दूसरे गाटे में महाराज दत्त, सियाराम, अंजनी आदि ने अवैध कब्जा कर अपना मकान बना लिया था। उन्होंने बताया कि दोनों गाटों की भूमि ग्राम समाज की थी। जिसकी सूचना मिलने पर डीएम ने तत्काल ग्रामीणों के अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश दिए थे। इस पर एसडीएम ने टीम गठित कर मौके पर ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण का चिह्नांकन कराया। इसके बाद दो दिनों में अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह, तहसीलदार परशुराम, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार व नेहा राजवंशी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल के साथ बड़ी संख्या में फोर्स मौके पर मौजूद रही।



सदर तहसील के खिरौरा मोहन गांव में अवैध कब्जे को ढहाती जेसीबी।

बीते दिनों पैमाइश को लेकर हुए विवाद के बाद गांव में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने काफी सतर्कता बरती। फोर्स कार्रवाई के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रही।

# ससुर ने दामाद को पीटा, मुकदमा

**संसू, वजीरगंज (गोंडा) :** भगोहर जमादार पुरवा निवासी राजमनि ने ससुर नरेंद्र राना व साले राजन पर पिटाई का मुकदमा कराया है। पीड़ित ने बताया कि उसका पत्नी चंदा के साथ पारिवारिक विवाद हो गया था। ससुर व साले उसके घर पर आ गए और मारा-पीटा। ससुर ने जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

**मारपीट :** मनकापुर : ग्राम हरनाटायर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों मारपीट हुई। पुलिस ने मुकदमा किया है। मालती ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि जमीन विवाद को लेकर गांव के ही दबंगों ने उसकी पिटाई कर दी। वहीं, दूसरे पक्ष के जवाहिर ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। बकौल पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा किया गया है।

# मारपीट में तीन घायल, मुकदमा

**संसू, परसपुर (गोंडा) :** अलग-अलग गावों में हुई मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने छह लोगों पर मुकदमा किया है।

- **पूरे अंगद गांव में चुनावी रंजिश को लेकर दबंगों ने की मारपीट**

पूरे अंगद गांव निवासी अजय ने तहरीर देकर कहा कि चुनावी रंजिश को लेकर दबंगों ने उसकी पिटाई करके जान से मारने की धमकी दी। पूरेलाली के ऊधमगंज निवासी सरोज पांडेय ने पुरानी रंजिश में गांव के ही रामसुरेश पांडेय पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। बहुअन मदार माझा के बमबम पुरवा निवासी रामपाल यादव ने जमीनी विवाद में गांव के रिखई यादव, छोटू, बलराम व लखराजी पर पिटाई करने का आरोप लगाया। पुलिस ने छह आरोपितों पर मुकदमा किया है। वहीं, गजसिंहपुर के सुक्खा पुरवा में चोर गृहस्वामी संजय तिवारी को कमरे में बंद करके बक्सा का ताला तोड़कर दो लाख रुपये के आभूषण व 32 हजार नगद उठा ले गए। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा किया है। वहीं, एक महिला ने बेटी के अपहरण का मुकदमा कराया है। तहरीर में कहा है कि बेटी दवा लेने बाजार गई थी लेकिन, घर वापस नहीं लौटी। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सरोज ने कहा कि मुकदमा करके किशोरी की तलाश के लिए टीम गठित की गई है।

# सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**नवाबगंज (गोंडा)।** थाने में तैनात दो होमगार्डों के हो रहे सेवानिवृत्त पर रविवार को थाना परिसर में विदाई दी गई। विदाई समारोह में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने माला पहनाकर कर व अंगवस्त्र देकर विदाई दी। इस दौरान उन्होंने होमगार्ड के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हरिश्चंद्र चौहान तथा जगदीश पांडेय को कार्यों की प्रशंसा की तथा आगे उनके जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपनिरीक्षक सुनील कुमार, कन्हैयालाल मौर्या, उदय नरायन मिश्रा, तेज प्रताप, दुर्गेश चौधरी, अशोक तिवारी, श्रवन कुमार, सत्यनरायन तिवारी, मुन्ना लाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। (संवाद)

# जियामऊ से सात माह के मासूम का अपहरण

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। गौतमपल्ली के जियामऊ इलाके में रहने वाले मजदूर के सात महीने के बेटे का अपहरण हो गया। मजदूर की पत्नी ने पड़ोसी पर आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में कुबूला कि बच्चे को उसने दूसरी पत्नी को दे दिया था। फिलहाल पुलिस मासूम की बरामदगी के लिए जुटी है।

गोंडा के तरबगंज निवासी राजू यादव पत्नी प्रीति व दो बच्चों संग किराए पर रहता है। राजू ने बताया कि पत्नी के मायके वजीर हसन रोड निवासी कन्हैया घर पर अक्सर आता था। शनिवार शाम को भी कन्हैया आया और सात माह के बेटे ऋषि को बाहर ले जाने लगा।

## आरोपी ने बच्चे को दूसरी पत्नी को दिया, हिरासत में

प्रीति ने मना कर दिया और छत पर कपड़े लेने चली गई। मौका पाकर कन्हैया मासूम को लेकर बाहर निकल गया। यह देखकर प्रीति ने आवाज दी, लेकिन कन्हैया रुका नहीं। सूचना पर गौतमपल्ली पुलिस तलाशते हुए कन्हैया के घर पहुंची तो शराब के नशे में धुत मिला।

पूछताछ में बताया कि बच्चे को दूसरी पत्नी को दे दिया है। रविवार को पुलिस ने राजू की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी के मुताबिक, कन्हैया की कथित दूसरी पत्नी और बच्चे की तलाश की जा रही है।

# दहेज हत्या में तीन लोग गिरफ्तार

**बभनान/मसकनवा (गोंडा)**। छपिया पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को शीतलगंज गांव के मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है।

चौकी प्रभारी मसकनवा बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रियंका की शादी वर्ष 2021 में पायरखास गांव निवासी दीपक सिंह से हुई थी। 11 जुलाई 2022 को प्रियंका का शव उसके कमरे में लटकता पाया गया। मृतका के पिता इंदल प्रसाद दुबई में रहते हैं। वहां से आने के बाद मृतका के पिता इंदल प्रसाद ने शनिवार को अपने दामाद समेत अन्य ससुराल वालों पर बेटी को दहेज के लिए उत्पीड़ित करने तथा मार डालने का आरोप लगाया। छपिया पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया। दीपक सिंह, सूरज सिंह व सुमन सिंह पत्नी कलहंस बहादुर सिंह निवासी पायरखास थाना छपिया को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है। (संवाद)

# मारपीट में आठ लोगों पर केस

**मनकापुर (गोंडा)**। रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से तीन महिलाओं सहित आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के ग्राम हरनाटायर मजरा चौहान पुरवा निवासी जवाहिर व दूसरे पक्ष की मालती पत्नी ठाकुर प्रसाद ने तहरीर दी। एक-दूसरे पर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# पत्नी के साथ नहीं चलने पर चाकू से किया जख्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

## अकेले में बात करने के बहाने ले जाकर किया हमला, पति समेत चार के खिलाफ केस दर्ज,

तरबगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सिंगहाचंदा में पत्नी को मायके से लेने आए पति ने पंचायत के दौरान बात करने के बहाने अलग ले जाकर पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। उसे बचाने के दौरान पत्नी की मां चोटिल हुई है। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिंगहाचंदा के ऊंचे दुबरा निवासी बच्चाराम ने अपनी बेटी ज्योति (22) की शादी करीब छह साल पहले दूधनाथ निवासी खानपुर विशेन पुरवा वजीरगंज से की थी। पति-पत्नी के बीच मतभेद की वजह से विवाद चल रहा था। एक सप्ताह पहले नाराज होकर पत्नी मायके चली आयी थी। विवाद को खत्म कर पत्नी को ले जाने के लिए रविवार को पति अपने सहयोगियों के साथ पत्नी के मायके आया था। रविवार की सुबह ग्रामप्रधान विशाल पाठक के दरवाजे पर पति-पत्नी के बीच विवाद को शांत करने के लिए पंचायत हो रही थी। मगर पत्नी जाने को तैयार नहीं थी। इसी बीच अकेले में पत्नी से बात करने के बहाने कमरे में ले जाकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। खड़ी मां ने बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी हमला कर दिया। लोगों ने घायल ज्योति की जान बचाई व पुलिस को सूचना दी। घायल पत्नी की मां ने दामाद दूधनाथ साथी धर्मेंद्र गोस्वामी, सत्येंद्र गिरी उर्फ छोटू व विकास मिश्रा सहित चार के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बेटी की पिटाई करने वाले पिता के खिलाफ केस

**गोंडा।** शहर के सर्कुलर रोड की निवासी सृष्टि अग्रवाल ने अपने पिता के खिलाफ ही जानलेवा हमले का केस दर्ज कराया है। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सृष्टि अग्रवाल की तहरीर पर उनके पिता भगवान दास अग्रवाल के खिलाफ मारपीट करने और जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज हुआ है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-11-2022

# छेड़छाड़ का मामला नहीं दर्ज कर रही पुलिस

महुआ बाजार। थाना गैंड़ास बुजुर्ग क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बताते चलें कि नाबालिक बालिका की मां ने थाना गैंड़ास बुजुर्ग व महिला थाना उतरौला में प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक युवक पर अपने नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। मां का कहना है कि जब लड़की ने इस अश्लील हरकत का विरोध किया तो युवक लड़की को गाली गलौज देने लगा। इस बीच लड़की भागकर घर में गई और घरवालों ने दौड़ाकर लड़के को पकड़ लिया।

# शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करें : एसपी

- अपराध पर नियंत्रण करने को अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करे
- यह बातें एसपी राजेश कुमार मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान कही

बलरामपुर, संवाददाता। लुटेरे, चोर व पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनका सत्यापन कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। महिलाओं व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर गंभीरता बरतते हुए दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करें।

यह बातें एसपी राजेश कुमार सक्सेना रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में एसपी मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान कही। एसपी ने कहा कि थाना प्रभारी अपराध पर नियंत्रण करने के लिए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए वाहन घटनास्थल पर समय बद्ध पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी त्यौहार व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रत्येक छोटी-छोटी घटनाओं पर गंभीरता से कार्रवाई करे। लंबित विवेचना, प्रार्थना पत्रों का समय बाद जांच करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। साइबर शाखा में कार्य के योग्य कर्मचारियों की नियुक्ति कर साइबर अपराध में अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करें। क्षेत्राधिकारी सिटी दरवेश कुमार ने कहा कि आम जनमानस के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार न करें एवं स्वराज व्यक्तियों के बीच आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए बैठक अवश्य करें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ललिया राधा रमण सिंह, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह, क्षेत्राधिकारी उतरौला उदय राज सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सदर ज्योति श्री, किशन लाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पांच प्रभारी निरीक्षक सम्मानित हुए

## सम्मान

बलरामपुर, संवाददाता। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम माह सितंबर 2022 अभियान के क्रम में थानाध्यक्षों को सम्मानित किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने थाना अध्यक्षों को सम्मानित किया।

यह जानकारी देते हुए एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि ऑनलाइन जनता की राय जानकर टॉप पांच प्रभारी निरीक्षको को प्रशस्ति पत्र दिया गया। बताया कि जनता की राय के अनुसार प्रथम स्थान थाना पचपेड़वा के प्रभारी निरीक्षक आलोक राय, दूसरे स्थान थाना महाराजगंज तराई के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, तीसरे स्थान थाना कोतवाली गायत्री के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान, चौथा स्थान थाना कोतवाली के नगर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे को दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन जनता से पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर राय मांगी गई थी।



थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एसपी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर सजती हैं दुकानें, लगता है जाम

**संसू, गैंसड़ी (बलरामपुर)** : गैंसड़ी बाजार को नगर पंचायत का दर्जा मिल गया है, लेकिन बाजार से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाम को सब्जियों का ठेला लगता है। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। राजमार्ग पर दुर्घटना की आशंका के साथ लोगों का चलना भी दुश्वार रहता है। बाजार के लोगों को डीएम को शिकायती पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

सुनील कुमार वैद्य, संतराम यादव, आकाश कसौधन, प्रिंस वर्मा, गुलाम मोहम्मद, अशोक मोदनवाल, संजय मोदनवाल, राजेन्द्र कुमार पटवा, दीपक जायसवाल व अमरेश चौरसिया ने डीएम को भेजे गए पत्र में कहा है कि गैंसड़ी बाजार को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को साप्ताहिक मंडी लगती है। जिसके चलते जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। विदेशी पर्यटक भी जाम में फंस जाते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग से साप्ताहिक बाजार हटवाने की मांग कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जरवा रेलवे क्रासिंग से शिव मंदिर तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक किलोमीटर में दोनों तरफ ठेले वालों का अवैध कब्जा रहता है।

## चार मामले निस्तारित

**बलरामपुर** : पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, संजय कुमार पांडेय, वंदना मिश्रा, महिला थानाध्यक्ष ममता सिंह यादव, कांस्टेबिल ज्योति व हेमा ने चार पारिवारिक विवादों का समझा-बुझाकर निस्तारण कराया। (संसू)

## शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बलरामपुर** : कोतवाली जरवा की पुलिस ने 25 लीटर कच्ची शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि थाना महराजगंज तराई के लोहेपनिया निवासी बड़कऊ को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

## किया जागरूक

**वलरामपुर** : पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर रविवार को कोतवाली व थानों में तैनात एंटी रोमियो टीम की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम करके बेटियों व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। (संसू)

# सास-ससुर को सात साल व पति को आजीवन कारावास

**संवाददसूत्र, बलरामपुर** : जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने दहेज उत्पीड़न कर हत्या करने के मामले में सास-ससुर को सात-सात साल व पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड लगाया है। वर्ष 2021 में थाना हरैया सतघरवा में थाना तुलसीपुर के ग्राम मध्यनगरी निवासी इस्माइल पुत्र इब्राहिम ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी बहन खुशबुन्निशा का निकाह ग्राम बनकटवा खुर्द पठानपुरवा थाना हरैया निवासी नफीस पुत्र अबू तालिब के साथ हुआ था।

शादी के बाद से ही ससुराल में ससुर अबू तालिब, सास मैमुना उर्फ निहारुन्निशा व पति अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपया व बाइक की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। उसकी हत्या कर शव को रस्सी से लटका दिया। अभियोजन की ओर से सात गवाहों का बयान अंकित कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि घटना गलत है। मृतका व उसके पति का खानपान अलग-अलग था।

तथाकथित घटना के समय आरोपितगण खेत में थे। जनपद न्यायाधीश ने अभियोजन की ओर से गवाहों के बयान व पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर दोष सिद्ध ठहराते हुए पति नफीस को आजन्म कारावास व सास-ससुर को सात-सात कारावास की सजा सुनाई है। सभी पर 75-75 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार अर्थदंड न जमा करने पर अभियुक्तगण को प्रत्येक धाराओं की सजा पृथक-पृथक रूप में भुगतनी पड़ेगी।

# पांच थाना प्रभारियों को किया गया सम्मानित

**संवाददसूत्र, बलरामपुर** : आम जनता से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के मामले में पांच थानों के प्रभारी निरीक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस लाइन सभागार में रविवार को कार्यक्रम के दौरान सभी प्रभारी निरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया।

एसपी ने कहा कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन की ओर से आम जनता की समस्याओं का निस्तारण कराने, पुलिस कार्य प्रणाली व जनता के प्रति पुलिस के व्यवहार को लेकर पब्लिक अप्रूवल रेटिंग से उनके कार्य का मानक निर्धारित किया जा रहा है।

सितंबर के पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा आलोक राय को प्रथम, महराजगंज तराई के अशोक कुमार सिंह को द्वितीय, गैंसड़ी के ओमप्रकाश सिंह चौहान को तृतीय, कोतवाली नगर के संजय कुमार दूबे को चतुर्थ और कोतवाली देहात के राज कुमार सरोज को पांचवा स्थान मिलने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

# युवक का शव निकाला

**गैड़ास बुजुर्ग।** सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के लौकिया ताहिर में सरयू में डूबे युवक का शव शनिवार को एसडीआरएफ की टीम ने नदी से ढूंढ निकाला। परिक्रमा से लौटकर आते समय सरयू में स्नान करते समय धर्म कुमार (20) डूब गया था। दो दिन से नदी में उसकी तलाश की जा रही थी। (संवाद)

# वाहन चालकों को किया जागरूक

**बलरामपुर।** यातायात माह के छठे दिन रविवार को भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए शहर के व्यस्ततम इलाकों में नो इंट्री का बोर्ड लगवाया गया। बहादुरापुर, सेखुईकला व नहरबालागंज सहित कई स्थानों पर पुलिस, यातायात एवं संभागीय परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने वाहन चालकों को नो इंट्री के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिन मार्गों पर भीड़ अधिक होती है वहां भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाती है। नो इंट्री में भारी वाहन नहीं ले जाना चाहिए। (संवाद)

# अपराधियों पर कसें शिकंजा : एसपी

## मासिक गोष्ठी में अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** जिले में अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस लाइन सभागार में रविवार को मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी राजेश सक्सेना ने अपराध की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को लुटेरे, शातिर चोर व पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। हिदायत दी कि महिलाओं व बच्चों से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मासिक गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। आगामी त्योहारों की संवेदनशीलता को देखते हुए छोटी से छोटी घटनाओं पर नजर रखी जाए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शिकायत का समयबद्ध ढंग से निस्तारण किया जाए। साइबर शाखा में कार्य के लिए योग्य आरक्षियों की तैनाती कर साइबर अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए। लंबित विवेचनाओं व प्रार्थनापत्रों की जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेते हुए अपहृत की बरामदगी के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। एसपी ने कहा कि संभ्रांत व्यक्तियों के बीच आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए इस बात का ध्यान रखा जाए कि आम जनमानस से कोई दुर्व्यवहार न हो। गोष्ठी में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, सीओ नगर दरवेश कुमार, सीओ ललिया राधा रमण सिंह, सीओ तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह, सीओ उतरौला उदयराज सिंह, सीओ सदर ज्योति श्री व प्रतिसार निरीक्षक किशनलाल गौतम सहित सभी प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### जिले के टॉप-5 इंस्पेक्टर हुए सम्मानित



पचपेड़वा इंस्पेक्टर को सम्मानित करते एसपी। संवाद

पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के तहत पुलिस की कार्यप्रणाली, जन समस्याओं के निस्तारण, जनता के प्रति व्यवहार व जनता के संतुष्टी के संबंध में बेहतर कार्य करने पर पांच थाना प्रभारियों को सम्मानित किया गया है। एसपी राजेश सक्सेना ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में पहला स्थान प्राप्त करने वाले पचपेड़वा इंस्पेक्टर आलोक राय सहित महराजगंज तराई इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, गैसड़ी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश सिंह चौहान, नगर कोतवाली संजय कुमार दुबे व कोतवाली देहात के इंस्पेक्टर राजकुमार सरोज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-11-2022

# डीएम-एसपी ने गृह अनुदान का दिया चेक

**संवाद सूत्र, बहराइच :** डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी केशव कुमार चौधरी ने ग्राम बौंडी के संदीप कुमार पांडेय व वीरमती का कच्चा मकान नदी में बह जाने के कारण गृह अनुदान का चेक दिया। 1.20 लाख रुपये की दर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। डीएम ने गृह अनुदान प्राप्त करने वाले पीड़ित परिवारों से अपेक्षा की गई कि इस धनराशि का सदुपयोग कर अपने लिए पक्के आवास का निर्माण करें।

# 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

**बहराइच।** हत्या कर शव छिपाने के मुकदमे में फरार चल रहे 15 हजार के इनामी को शनिवार दरगाह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दरगाह थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चंदौली जिले के करेमुहा भैसाही निवासी प्रभुनाथ कुशवाहा हत्या कर शव छिपाने के मुकदमे में वांछित है और फरार चल रहा था। इस आरोपी पर 15 हजार का इनाम भी घोषित है। शनिवार को सूचना पर आरोपी को झिंगहा घाट पुल से गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 07-11-2022

# 108 वाहनों का चालान काटा गया, जुर्माना लगा

श्रावस्ती। वाहन चेकिंग के दौरान 108 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर दो लाख तीन हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# 30 लीटर अवैध शराब बरामद

श्रावस्ती। अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह की टीम ने भिनगा के अमरहवा, गांधी और उल्लहवा में दबिश दी। दबिश के दौरान 30 लीटर शराब बरामद की गई और 150 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया।

# झाड़ियों में मिले नवजात को सिपाही ने लिया गोद

- महिला ने मंदिर के पास फेंका जन्म के बाद बच्चा
- महिला सिपाही कर रही है बच्चे की देखभाल

गिलौला, संवाददाता। गिलौला थाना क्षेत्र में कलेजा चीर देने वाला मामला सामने आया। लोक लाज की डर से एक मां ने जन्म के बाद अपने बच्चे को मंदिर के पास स्थित झाड़ियों में फेंक दिया और फरार हो गई। बच्चे की रोने की आवाज सुन कर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी तो पुलिस ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया।

गिलौला थाना क्षेत्र के झारखंडी मंदिर के पास शनिवार रात लोक लाज के भय से एक महिला जन्म के बाद अपने बच्चे को झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गयी। देर रात करीब दो बजे झाड़ियों से बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। इस पर मंदिर पर ड्यूटी में तैनात होमगार्ड और पीआरडी के जवानों ने मौके पर जाकर देखा तो झाड़ियों में एक नवजात शिशु कपड़े में लिपटा पड़ा रो रहा था। जवानों ने मामले की जानकारी गिलौला थाने पर दी। इस पर गिलौला पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को सीएचसी गिलौला में भर्ती कराया। बच्चे की हालत गंभीर थी। इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद उसे किसी बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाने की सलाह दी। बच्चे को गिलौला थाने में तैनात महिला कांसटेबल ने गोद ले लिया और वह अब बच्चे को बहराइच में चिकत्सिक को दिखा रही है। अब बच्चे की हालत ठीक बताई जा रही है। गिलौला थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय ने बताया कि बच्चा बहुत ही खराब अवस्था में मिला था। जहां पर बच्चे को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। वहीं महिला थाने के कांस्टेबल ने बच्चे को गोद ले लिया है और वहीं उसकी देख रेख कर रही है। वहीं क्षेत्र में यह चर्चा हो रही है कि कोई व्यक्ति पल्सर से आया था और उसी ने बच्चे को झाड़ियों में फेंका है।

## शांतिभंग में तीन पाबंद

**श्रावस्ती :** पुलिस की ओर से शांतिभंग के आरोपितों पर कार्रवाई की गई। विभिन्न थाना क्षेत्र में तीन व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायालय पर पेश किया गया।( वि.)

## 108 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 108 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान 2,03,500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया।( वि.)

## कच्ची शराब संग दबोचा

**श्रावस्ती :** आबकारी विभाग की टीम ने भिनगा क्षेत्र के अमरहवा, गांधी व उल्लहवा गांव में छापेमारी की। इस दौरान 30 लीटर कच्ची शराब व भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब गड्ढे से बरामद हुई। टीम ने एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया। (वि.)

## मानव तस्कर गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** श्रावस्ती पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मानव तस्करी के मामले में फरार चल रहे इकौना क्षेत्र के लालपुर चुनहवा निवासी दद्दू लोनिया उर्फ वंश राज चौहान को बहराइच जिले के विशेश्वरगंज क्षेत्र के भवानीपुर बनकट से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपित को न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया। (वि.)

# 250 ग्राम चरस बरामद

**श्रावस्ती :** भिनगा पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान रेंजरी के पास से महासेमरा सिरसिया निवासी मिंटू को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।( वि.)

# 'मेला परिक्षेत्र में प्रतिबंधित रहेगी पालीथिन'

**जासं, श्रावस्ती :** कार्तिक पूर्णिमा पर सीताद्वार मंदिर पर लगने वाले भव्य मेले के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन जुट गया है। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने सीताद्वार मंदिर पहुंचकर चल रहीं तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि मेला परिक्षेत्र में पालीथिन पूर्णतयः प्रतिबंधित रहेगी।

**19 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की निगरानी में रहेगा पूरा मेला स्थल**

डीएम ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर सीताद्वार मंदिर पर आठ से 10 नवंबर तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन होगा। इसके लिए 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। मेला क्षेत्र में मेला कमेटी की ओर से वालिंटियर को भी सहयोग के लिए लगाया जाएगा। डीएम ने वालेंटियरों के पहचान पत्र जारी करने के निर्देश दिए। दुकानदार मेला क्षेत्र में प्रबंध कमेटी से अनुमति लेकर ही दुकान लगा सकते हैं।

मेले में सड़ी-गली मिठाई या खुले खाद्य पदार्थ किसी भी दशा में नहीं बिकेंगे। जिला अभिहित अधिकारी इसका ध्यान रखें। सफाई कर्मियों की रोस्टर से ड्यूटी लगाई जाए। झील घाट पर बैरिकेडिंग, प्रकाश, महिलाओं के लिए चेंजिंगरूम की व्यवस्था की जाए।



सीताद्वार में झील घाट का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा प्रकाश ( दाएं ) और एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( बाएं ) ● जागरण

# महिला को बेचने के मामले में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** महिला को शादी का झांसा देकर बेचने के दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपी पहले ही पकड़ा जा चुका है। महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। पति की मृत्यु के बाद वह थाना क्षेत्र के सलवरिया के मजरा रामूपुरवा निवासी रक्षाराम यादव उर्फ भगौती के संपर्क में आ गई थी। रक्षाराम ने थाना क्षेत्र के लालपुर चुनहवा निवासी दद्दू लोनिया उर्फ बंशराज चौहान के साथ मिल कर महिला को शादी कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति के हाथों बेच दिया था। महिला को असलियत पता चली तो उसने नवीन मॉडर्न थाने में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया था। इसके बाद पुलिस ने 27 जून को रक्षाराम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दद्दू लोनिया उर्फ बंशराज चौहान फरार था। नवीन मॉर्डन थाने की पुलिस ने रविवार को उसे विशेश्वरगंज के भवानीपुर बनकट गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# 250 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान रेंजरी के पास एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान सिरसिया के महा सेमरा निवासी मिंटू के रूप में हुई। उस पर मामला दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# 30 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमरहवा, गांधी व उल्लाहवा में रविवार को आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारा। टीम ने उल्लाहवा से 30 लीटर कच्ची शराब व 150 किलोग्राम लहन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। संवाद